हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 27 मार्च 2025



# पंजीयन कार्यालय का सर्वर ठप, रोजाना पांच गुना कम रजिस्ट्री, राजस्व पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

लगभग एक सप्ताह से सर्वर डाउन के चलते जिले में जमीन की रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित हो गया है। सर्वर की समस्या के चलते रजिस्ट्रियां नहीं हो पा रही है और लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं कई दिनों तक रजिस्ट्रार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

सर्वर की समस्या के चलते रजिस्ट्रियां पेंडिंग हो रही है। प्रतिदिन लोग अपॉइंटमेंट लेने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन उनका नंबर नहीं लग पा रहा है। वहीं रजिस्ट्री कार्य सुचारू नहीं होने की वजह से करोड़ों का राजस्व भी प्रभावित हो रहा है। दस्तावेज लेखक पोषण यादव ने बताया कि बीते शुक्रवार से सर्वर डाउन की समस्या चल रही है। जिसकी वजह से रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट नहीं मिल पा रहा है और रजिस्ट्री प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन को सर्वर दुरुस्त करना चाहिए, ताकि रजिस्ट्री का कार्य सुचारू हो और लोगों को असुविधा न हो। जबकि ज्ञात हो मार्च महीने में हर साल जमीन की खरीदी-बिक्री का आंकड़ा बढ़ जाता है। लोग ईयर एंड की वजह से मार्च महीने में ही अपनी जमीन का पंजीयन कराने पर जोर देते हैं। ऐसे हालत में सर्वर के डाउन रहने से जहां लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। वहीं जमीन कारोबार से जुड़े लोगों की भी समस्या बढ़ गई है। हालांकि विभाग का कहना है कि इसमें सुधार का काम जारी है।

## पंजीयन कार्यालय में रोजाना लग रही लोगों की भीड़, सर्वर की वजह से लौटना पड़ रहा वापस

### 120 की जगह 10-12 रजिस्ट्री

जिला पंजीयन कार्यालय में दो रजिस्टर है, जहां रजिस्ट्री का कार्य होता है। यहां एक रजिस्टर कक्षा में प्रतिदिन लगभग 60 रजिस्ट्री होती है। वहीं सर्वर डाउन होने के चलते अब दिनभर में 120 की जगह लगभग 10-12 रजिस्ट्री ही हो रही है। शनिवार और रविवार अवकाश होने के चलते रजिस्ट्री के लिए शुक्रवार और सोमवार को काफी भीड़ रहती है। जिसकी वजह से इन दोनों दिनों में सर्वर पूरी तरह से ठप हो रहा है।

### खास बातें

- अपाईंटमेंट मिलने के बाद भी नहीं हो रही रजिस्ट्री
- समस्या के चलते पिछले 1 सप्ताह से परेशान चल रहे लोग



### मार्च क्लोजिंग से बढ़ी रजिस्ट्री

मार्च माह क्लोजिंग का समय है और इसके बाद नई दरें लागू होकर रजिस्ट्री होगी। जिससे बचने के लिए माह अंत से पहले ही बड़े पैमाने पर रजिस्ट्री की लाइन लगी हुई है, लेकिन सर्वर की समस्या के चलते रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। बीते तीन दिनों से रजिस्ट्री कार्यालय आ रही बुजुर्ग मानबाई ने बताया कि वह अपने पुत्र के साथ रजिस्ट्री हेतु आ रही है, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। जिसके चलते घंटों बैठने के बाद उन्हें वापस जाना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष आज राजनांदगांव प्रवास पर



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 27 मार्च को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 27 मार्च को सुबह 10.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 12.15 से 1.15 बजे तक पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 4.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला आज

**राजनांदगांव।** नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला का आयोजन कल 27 मार्च को सुबह 11 बजे पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चन्द्राकर, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजिता पडोती, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष लता सिन्हा, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे।

### 31 तक पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का नवीनीकरण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक 31 मार्च 2025 तक अपना पंजीयन व नवीनीकरण च्वाईस सेंटर, जनपद पंचायत के मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से करा सकते हैं तथा जिले में संचालित चावडी, शिविर व भोजन वितरण केन्द्रों में हितग्राही आवश्यक दस्तोवजों सहित पंजीयन व नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे निर्माण श्रमिक जिन्होंने अपना पंजीयन व नवीनीकरण नहीं कराया है, जिनकी वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, हितग्राही द्वारा पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिक निर्धारित तिथि तक अपना नवीनीकरण करा सकते हैं।

## सभी मंडल अध्यक्ष को अगले एक सप्ताह में कार्यकारिणी बनाने के निर्देश

# नवरात्रि में जारी होगी मंडल कार्यकारिणी उसके बाद बनेगी जिला संगठन की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अब भाजपा अपने संगठन विस्तार पर काम कर रही है। जिला कार्यकारिणी के गठन से पहले सभी सोलह मंडल अध्यक्षों को निर्देश जारी कर अगले एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी घोषित करने कहा गया है। खास बात यह है कि इस बार भाजपा अपने संगठन में भी महिलाओं को तरजीह देते हुए कम से कम 33 फीसदी आरक्षण के तहत पद देगी।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के जिला संगठन ने मंगलवार को सभी मंडल अध्यक्ष को एक दिशा-निर्देश भेजा है। जिसमें मंडल के अंतर्गत निर्धारित पद संख्या के साथ महिला, एसटी-एससी वर्ग को स्थान देने की जानकारी शामिल है। बताया गया कि जिले के सभी मंडल अध्यक्ष आज-कल में अपनी कार्यकारिणी बनाकर जिला संगठन को उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद जिला संगठन उन क्षेत्रों के वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी कर जरूरी बदलाव करने के बाद जारी करेगी। बताया गया कि आने वाले सात दिनों में सभी मंडल की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। जिसकी शुरूआत शुक्रवार से हो सकती है।

### 33% आरक्षण के तहत महिलाओं को मिलेगा कार्यकारिणी में स्थान




### मोदी की सभा में जिले से जाएंगे भाजपाई

इधर आगामी 30 जनवरी को बिलासपुर दौरे पर आ रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश संगठन से सभा को लेकर जिला भाजपा को एक टारगेट दिया गया है। इस टारगेट के अनुसार अब सभी मंडल को टारगेट दिया जाएगा। जिले से भी सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बिलासपुर जाएंगे।

### मंडल के बाद जिला फिर मोर्चा-प्रकोष्ठ

भाजपा संगठन से मिली जानकारी के अनुसार अगले सात दिनों में मंडल की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद अप्रैल के पहले पखवाड़े में जिला भाजपा कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। मंडल, जिला कार्यकारिणी जारी होने के बाद अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में मोर्चा-प्रकोष्ठ में नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए भी जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी की जाएगी।

### इतने पद पर होगी नियुक्ति

ज्ञात हो भाजपा संगठन के तहत जिले में कुल 16 मंडल बनाए गए है। हर मंडल में अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है, अब हर मंडल में दो महामंत्री, चार मंत्री, चार उपाध्यक्ष एवं एक कोषाध्यक्ष बनाया जाएगा। इन 11 पदों में से कम से कम चार में महिलाओं को स्थान दिया जाएगा। इसके अलावा हर मंडल में 45 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई जाएगी, जिनमें भी कम से कम 15 महिलाओं को शामिल करना अनिवार्य रखा गया है।

### भाजपा की बैठक, जनप्रतिनिधियों को बुलाया

इधर संगठन विस्तार से पहले बुधवार दोपहर जिला भाजपा में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला भाजपा के सदस्यों के साथ ही सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया था। इनमें नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद-जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य, सभी नगरीय निकाय के पार्षदों को बुलाया गया था।

# महादेव सट्टा की जांच का दायरा पहुंचा नांदगांव, एएसपी के घर सीबीआई की टीम ने दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महादेव सट्टे के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में हुई जांच कार्रवाई का दायरा राजनांदगांव जिले तक भी पहुंचा। सीबीआई की एक टीम एएसपी अभिषेक महेश्वरी के मकान की जांच करने राजनांदगांव पहुंची थी।

शहर के सनसिटी स्थित एएसपी श्री महेश्वरी के मकान पर सुबह करीब 9 बजे पहुंची थी। हालांकि मकान के बाहर ताला लगा होने के चलते टीम बिना किसी जांच के ही वापस लौट गई। टीम ने बंद मकान के ताले में ही सील भी लगाई। इसके बाद यह टीम डोंगरगांव गई थी।

ज्ञात हो कि एएसपी अभिषेक महेश्वरी की पोस्टिंग इन दिनों बीजापुर जिले में है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन सट्टा एप महादेव एप के खिलाफ प्रदेश सरकार ने जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया है। इसी के तहत सीबीआई की तीन दर्जन से अधिक टीमों ने बुधवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित आधा दर्जन पुलिस महकमे के अधिकारियों के घरों में भी दबिश दी थी।

### डोंगरगांव भी पहुंची थी टीम

मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम पहले राजनांदगांव स्थित उनके मकान में पहुंची, वहां घर बंद मिलने के बाद उक्त टीम जिले के डोंगरगांव शहर जा पहुंची। टीम ने डोंगरगांव के हण्डी पसरा के करीब स्थित उनके परिजनों की दुकान के आसपास कुछ पूछताछ भी की। परिजनों की दुकान में भी टीम ने पहुंचकर कुछ पूछताछ की। ज्ञात हो कि श्री महेश्वरी डोंगरगांव शहर के ही रहने वाले हैं।

## 24 करोड़ वसूली का टारगेट

# राजस्व वसूली में जुटा निगम, 66% रिकवरी

- सालों से टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों को नोटिस जारी
- लक्ष्य पूरा करना बना चुनौती



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम को आर्थिक संकट से उभरने के लिए महापौर मधुसूदन यादव द्वारा राजस्व करों की वसूली पर निगम के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देकर शत-प्रतिशत वसूली के लक्ष्य को पूरा करने कहा गया। उन्होंने शहर की जनता से भी अपने करों की अदायगी कर शहर विकास में सहभागिता निभाने की अपील की। महापौर की इस अपील का असर राजस्व वसूली पर भी दिखाई दे रहा है। नगर निगम ने इस वर्ष बीते 16 मार्च तक वसूली डिमांड के मुताबिक लगभग 66 प्रतिशत करों की वसूली की है। जलकर, संपत्ति कर और समेकित कर के तहत शहर की जनता से लगभग साढे 24 करोड़ रुपए कर वसूली की जानी है। जिसको लेकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा लगातार बैठकें करते रहे। वहीं करों की वसूली को लेकर उपायुक्त मोबिन अली ने भी राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। जिसके फलस्वरूप 16 मार्च तक लगभग साढ़े 24 करोड़ डिमांड के लक्ष्य में साढ़े 16 करोड़ रुपए करों की वसूली की जा चुकी है।

### अवकाश पर भी वसूली

नगर निगम द्वारा लोगों की सुविधा के दृष्टिगत रखते करों के भुगतान के लिए अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली कराई जा रही है। शनिवार और रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में कर जमा की जा रही है। शहर में 10 हजार से अधिक बकाया करदाताओ की वसूली के लिये टीम बनकार घर घर वसूली भी की जा रही है। वहीं बडे बकायादारों को नोटिस भी दिया जा रहा है।

### सर्वे में पिछड़ी वसूली

निर्वाचन कार्य एवं पिछड़ा वर्ग सर्वे में ड्यूटी लगने की वजह से बीच में करों की वसूली प्रभावित हुई है। इसके बावजूद वसूली के लिए समय-समय पर बैठक लेकर कर वसूली बढ़ाने निर्देशित किया गया। साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से भी वसूली की गई।

### आय बढ़ाने पर फोकस

महापौर मधुसूदन यादव ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान एवं पदभार ग्रहण करते ही राजस्व वसूली पर विशेष फोकस कर निगम की आये बढ़ाने की बात कही थी। उन्होंने अपना कार्यभार संभालते ही नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए करों के भुगतान को लेकर लोगों से अपील किया और स्वयं भी संपत्ति कर, जल कर, समेकित कर पटाकर सभी से कर पटाने की अपील की।

# पेट्रोल डलवाने आए युवकों ने कर्मचारी से की मारपीट

## कर्मचारी पर किया पत्थर से वार, सीसीटीवी में घटना कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला बनने के बाद भी केसीजी में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है, बल्कि शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे खुलेआम मारपीट और जानलेवा हमले कर रहे हैं। बुधवार दोपहर में शहर के रश्मि देवी फ्यूल पेट्रोल पंप पर दो बदमाशों ने एक कर्मचारी पर हमला कर दिया।

यह पेट्रोल पंप कोई आम जगह नहीं, बल्कि कलेक्टर बंगले के पास स्थित है, जहां पुलिस की गश्त भी रहती है। बावजूद इसके अपराधियों ने सरेआम तांडव मचाया और पुलिस कहीं नजर नहीं आई। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो युवक स्कूटी से पंप पर पहुंचे, बिना किसी से पूछे खुद ही गाड़ी में पेट्रोल डालने लगे और जब कर्मचारी ने रोका तो बदमाशों ने उससे बहस शुरू कर दी और कर्मचारी पर हमला कर दिया। हमले के बाद कर्मचारी और उसका परिवार इतने डर गए कि उन्होंने पुलिस में शिकायत करने से ही मना कर दिया, लेकिन पेट्रोल पंप संचालक हरजीत सिंह ने हिम्मत दिखाई और फुटेज के आधार पर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

### सिर में आई गंभीर चोट

बहस के बीच कुछ ही सेकंड में विवाद इतना बढ़ गया कि एक बदमाश ने बड़े पत्थर से कर्मचारी पर वार कर दिया, लेकिन निशाना चूक गया। इसके बाद लोहे की पाइप से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे कर्मचारी के सिर पर गंभीर चोट आई।

## बच्चों की अग्नि परीक्षा, धूप में पहुंच रहे स्कूल

# तापमान@41...प्रदेश में सबसे गर्म रहा राजनांदगांव और चढ़ेगा पारा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बीते दिनों बेमौसम बारिश से नीचे आया तापमान अब फिर लगातार चढ़ने लगा है। लगातार आ रही गर्म हवाओं की वजह से अंचल का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है। यह प्रदेश में सर्वाधिक रहा। जबकि मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि का दौर जारी रहेगा। अगले 72 घंटों में दो से तीन डिग्री तक तापमान चढ़ सकता है।

इधर लगातार तापमान में हो रहे इजाफे का सीधा असर सेहत पर दिखने लगा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी इससे दिक्कतें हो रही है। तेज धूप के बीच बच्चों को परीक्षा देने के लिए जाना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 5.8 किलोमीटर ऊंचाई 60 डिग्री पूर्व और 20 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल 27 मार्च को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर बने रहने की संभावना है।

## नवरात्र पर मिलेगी श्रद्धालुओं को राहत, रेलवे ने जारी किया आदेश

# चैत्र नवरात्रि : डोंगरगढ़ जाने श्रद्धालुओं को हर 3 घंटे में मिलेगी ट्रेन, दर्जनभर एक्सप्रेस का ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च से शुरू होने वाला है। हर साल नवरात्रि में बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने डोंगरगढ़ और रतनपुर जाते हैं। ट्रेनों की उपलब्धता बढ़ाने और भीड़ नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने डोंगरगढ़ में ट्रेनों का स्टॉपेज बढ़ा दिया है। इस बार डोंगरगढ़ में नौ दिनों तक प्रतिदिन दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिनभर में रहेगा, जो पिछले साल से अधिक है। रायपुर व बिलासपुर के साथ नागपुर से भी बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। जिसके कारण भी रेलवे ने डोंगरगढ़ और मैहर स्टेशनों में ट्रेनों का ठहराव दिया है। इस बार डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार करना नहीं पड़ेगा।



### दो घंटे पहले देना होगा आर्डर

स्टेशनों में फलाहारी व्यंजन तैयार करने कहा गया है, लेकिन ऑर्डर देने के बाद बनाकर यात्रियों को दिया जाएगा। पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा। ट्रेन में ऑर्डर करने पर एक से दो घंटे के बाद खाना मिलेगा। गर्म व ताजा नहीं होने से सीधे आईआरसीटीसी में शिकायत कर सकते हैं। स्टेशन में फलाहारी खाली 30 मिनट में मिल जाएगी।

### यह ट्रेन जाएगी

20843 भगत की कोठी
20844 भगत की कोठी
20845 बिलासपुर-बीकानेर
20846 बीकानेर-बिलासपुर
12851 बिलासपुर-चेन्नई
12852 चेन्नई-बिलासपुर
12849 बिलासपुर-पुणे
12850 बिलासपुर -पुणे
12772 रायपुर-सिकंदराबाद
12771 सिकंदराबाद-रायपुर
नोटः सभी एक्सप्रेस ट्रेनें है

### यह लोकल ट्रेनें चलाई जाएगी

68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर
68723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर
68724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर
68729 रायपुर-गोंदिया मेमू पैसेंजर
68730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर
08709/08710 डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ पैसेंजर
08701/08702 दुर्ग-रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर
68742/68741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर को रायपुर तक विस्तारित
68729/68730 रायपुर-डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर का गोंदिया तक विस्तार
नोट : सभी ट्रेन 30 मार्च से छह अप्रैल तक चलाई जाएगी।


## खबर संक्षेप

### करियाटोला में कर्मा जयंती की धुम

**डोंगरगांव।** करियाटोला मे 26 मार्च को कर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। साहू समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर भ्रमण किया। समाजिकजनों भक्त माता कर्मा की विविधत पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि पार्षद लीलाराम मंडलोई थे। इस दौरान भीखम साहू, शेखर साहू, कमल साहू, भोभराय साहू, गणपत साहू, संपत साहू, नवीन साहू, जीवन साहू, मनीष साहू, संगम साहू, मोनू साहू, जीवन साहू, खेलन साहू, हरिशंकर साहू, चंदू साहू, महेंद्र साहू, ललित साहू, लोकेश साहू, जगदीश साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने ग्राम के बुजुर्गों का साल व श्रीफल से सम्मान किया गया कार्यक्रम के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।



### नई प्याज की आवक जल्द



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र के कृषकों ने एक बड़े रकबे में प्याज की बोनी किया है। प्याज की फसल अब तैयार हो चुकी है। अनुमान है कि सप्ताह भर बाद नई फसल बाजार में आना शुरू हो जाएगी। आवक के साथ प्याज की कीमत में कमी होने का अनुमान है। ज्ञात हो कि प्याज का बहुतायत मात्रा में उपयोग होता है। दाम बढ़ने से उपयोग में कमी आई थी। नई फसल कम दाम पर मिलने से लोग इसका उपयोग आसानी से कर पाएंगे।

### अध्यक्ष ने दी 25 कुर्सी



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अधिवक्ता संघ को 25 कुर्सी प्रदान की है। इसके लिए अधिवक्ता संघ ने श्री डोंगरे का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### तीर्थराज, डेविश का नवोदय में चयन

**मुसरा।** नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम गत दिनों घोषित हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा से तीर्थराज देवांगन और डेविश साहू का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है। इस सफलता पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगदास साहू, व्यवस्थापक होमलाल वर्मा, दानेश्वर लिल्हारे, प्रधानाचार्य सुनील पटेल, आचार्य भागवत पटेल, अखिलेश वैष्णव, भुखन वर्मा, कुशल वर्मा, मानिक पटेल, पारथ बंजारे, विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, भानेश्वरी उइके, डोमेश्वरी पैकरा, केशरी ने चयनित बच्चों को बधाई दी है।





### स्वास्थ्य शिविर में 335 लोगों का परीक्षण



**डोंगरगढ़।** एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच राजनांदगांव द्वारा संचालित एमएमयू टीम ने मोहनपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। शिविर में 335 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 29 का पैथोलॉजिकल परीक्षण किया गया। जरूरत मंदो को निः शुल्क दवाइयां वितरित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच सुखराम पटेल, परमेश्वर मांडवी आदि ने दीप प्रज्जलित कर किया। इस मौके पर श्री साहू एवं श्रीमती मंडावी ने कहा कि 20 गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा पहुंच रही है। लोगों का घर में ब्लड जांच, शुगर जांच, बीपी जांच आदि हो रहा है। इस मौके पर संजीवनी टीम ने लोगों को क्षय रोग के लक्षण, उपचार, बचाव के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर डॉ डीके साहू, डॉ एलके साहू, डॉ टी घोष, डॉ ईश्वर यादव, संजीवनी टीम के योगेश चौहान, आशीष साहू, मनोज कश्यप, दीपिका जोशी, लिखिल सहारे आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पेयजल और सफाई पर जोर, सुन रहे नागरिकों की समस्याएं

# अब एक्टिव हुई शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

निकाय चुनाव में जीत और पदभार ग्रहण करने के बाद जनता की उम्मीदों को पूरा करने की दिशा में जनप्रतिनिधियों ने पहल करना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में गंभीर पेयजल संकट की संभावना को देखते हुए जनप्रतिनिधि इन दिनों समाधानकी दिशा में जुटे हैं ताकि लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके।

नगर पंचायत में पहली बार भाजपा ने कब्जा होने के बाद अध्यक्ष अजय पटेल काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या से निपटने वार्ड में भ्रमण कर रहे हैं।

वार्डवासियों की समास्याओं से रुबरु होकर समाधान करने के प्रयास में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ शहर का जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है जिसके चलते वार्डों में पेयजल समस्या गहराने लगी है। जल संकट सामने आने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल लगातार वार्ड भ्रमण कर पेयजल एवं नाली सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लगातार जनसंपर्क करने से नगरवासियों में मूलभूत सुविधा मिलने की उम्मीद जागृत हुई है।



### अलसुबह वार्ड भ्रमण

अध्यक्ष श्री पटेल समस्याओं से रूबरू होने सुबह भ्रमण पर निकल पड़ते हैं। वार्डवासियों की बातों और समस्याओं गंभीरता सुनकर निराकरण भी कर रहे है। प्रत्येक वार्ड के बोरिंग को दुरूस्त किया जा रहा है , ताकि लोगों को पेयजल मिल सके। पेयजल समस्या से निपटने नगर पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल और उपाध्यक्ष भूषण नेताम जुटे है। उन्होंने पानी का मितव्यता से उपयोग करने और दुरुपयोग रोकने का आग्रह किया है।

## सरकारी हास्पिटल में स्पेशलिस्ट की मांग




**गंडई पंडरिया।** निकाय चुनाव के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बार बार इस बात का जिक्र किया था कि नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित और बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। अपने भाषण को सार्थक करने अध्यक्ष ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद काम करना शुरू कर दिया है। नगर विकास के लिए वह लगातार कोशिश कर रहे है इसी क्रम में उन्होंने नगर के शासय कार्यालयों से पत्राचार करते हुए कार्यालयीन स्टाफ की ऐसे पदों की जानकारी की मांगा जो स्वीकृत तो है किन्तु स्टाफ नही है। या पोस्टिंग होने के बाद अन्यत्र सेवा दे रहे है। उन्होंने शासकीय हास्पिटल में विभिन्न स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की मांग को लेकर उच्च कार्यालय से पत्राचार किया है ताकि नगरवासियों को बेहतर लाभ मिल सके। श्री खुशरों ने बताया कि नगर के सभी शासय कार्यालयों की वस्तुस्थिति से अवगत होने पत्राचार कर रहे हैं ताकि ताकि सम्बंधित विभागों में आवेदन या अन्य माध्यमो से संपर्क कर स्टाफ की पूर्ति किया जाए।

## होली मिलन में द्विवेदी सम्मानित

**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह गत रविवार को ढोल-मंजीरे की थाप पर बैसवारी फाग गायन के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय सामाजिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव, बांधाबाजार एवं अंबागढ़ चौकी से आए विप्रजनों ने परंपरागत फाग गायन में सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को संगीतमय बनाया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, ऋषि कुमार तिवारी, प्रकाश शुक्ला, प्रो. आरपी दीक्षित, डॉ. सूर्यप्रकाश द्विवेदी, विष्णुदत्त तिवारी, करूणा शंकर तिवारी, अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, सचिव अजय शुक्ला एवं उमाकांत बाजपेयी ने दीप प्रज्जवलित किया एवं मां सरस्वती का पूजन किया। तत्पश्चात डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में पुरस्कृत होने पर शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर समाज के पं. विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर करतल ध्वनि से उन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम में जगदीश मिश्रा, अखिलेश तिवारी, कार्तिकेय मिश्रा, निर्मल शुक्ला, दिनेश अवस्थी, प्रभात तिवारी, अरूण शुक्ला, अखिल शुक्ला, शैलेष शुक्ला, विवेक शुक्ला, सुरेन्द्र दुबे, विकास शुक्ला, मदन मोहन मिश्रा, नीरज बाजपेयी, ओंकार दीक्षित, धीरज द्विवेदी, अनिल तिवारी, अरूण बाजपेयी, अनिल बाजपेयी, निर्मल शुक्ला, अजय मिश्रा, सुशील तिवारी, अविनाश अवस्थी, राजेश मिश्रा, संजय मिश्रा, सुनील बाजपेयी, भूपेन्द्र बाजपेयी, शैलेन्द्र बाजपेयी, आदित्य बाजपेयी, बांधाबाजार से उमाकांत बाजपेयी, अवधेश शुक्ला, प्रदीप बाजपेयी, कमलेश बाजपेयी, नरेश मिश्रा तथा शौर्य शुक्ला, अंबागढ़ चौकी से बचनेश त्रिपाठी, देवी शंकर बाजपेयी, अवधेश त्रिपाठी, सत्यम बाजपेयी, सोनल तिवारी, प्रथम त्रिपाठी, प्रणय त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, उमेश त्रिपाठी, रीसू बाजपेयी, अविनाश त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी, ममता अवस्थी, आमोद दीक्षित, गीता तिवारी, संध्या त्रिवेदी, योगमाया शुक्ला, डॉ. इंदुमति तिवारी, शक्ति मिश्रा, शशि तिवारी, मोहिनी शुक्ला, सुषमा, मनीषा शुक्ला, स्वाती सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नवरात्रि पर्व 30 से, प्रशासन अलर्ट

## अप्रिय घटना रोकने किए जा रहे प्रबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में आगामी 30 मार्च को शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान देवी दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को सुलभ दर्षन और सुरक्षा मुहैया कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दिया है। रेल्वे स्टेषन से पार्किंग, उपर मंदिर पहाडी से लेकर नीचे बेरीकेट तक, नीचे मंदिर से मेला प्रांगण तक तमाम सुविधा पहले दिन तक पुर्ण करने की तैयारी चल रही है।

पूर्व वर्ष नवरात्रि के दौरान उपर मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के पास भगदड़ मचने और सोशल मिडिया में गलत खबर के बाद बने दहशत का माहौल बन गया था। पूर्व वर्ष की घटना को देखते हुए महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए रेल्वे स्टेषन से पार्किंग स्थल के पहले ही कंट्रोल करने की सुविधा रहेगी। छीरपानी सेड से आने वाले दर्शनार्थियों की भीड को दो हिस्सों में बांट कर सुरक्षित ढंग से सीढियों में चढ़ने का विशेष प्रबंध किया जा रहा है। नीचे शेड से भीड को मददे नजर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। रेल्वे जीआरपी, आरपीएफ एवं रेल्वे प्रषासन के सहयोग के साथ जिला पुलिस बज, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, विघुत मंडल की इस आयोजन में महत्वपूर्ण भुमिका रहेगी।

### दस एक्सप्रेस ट्रेनें रूकेंगी

रेल्वे ने मेला के दौरान अस्थाई रूप से रूकने वाली ट्रेन को सूची जारी कर दी है। इस दौरान 10 एक्सप्रेस, सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन रूकेगी। स्टेशन परिसर में अतिरिक्त सूविधा रहेगी। कुछ लोकल ट्रेन भी विशेष रूप से चलाने की तैयारी रेल्वे प्रशासन ने की है। कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। ट्रेनों के परिचालन के साथ काऊंटर खिड़की, टीवी स्क्रीन एवं उदघोषणा निरंतर की जाएगी। स्टेशन मास्टर गुरूचरण सेट्टी के अनुसार टिकट कांउटर के पास वेटिंग हाल को दर्षनार्थियों के लिए खुला रखा जाएगा। मंदिर जाने वाले मार्ग पर नए बुकिंग आफिस में बैठक व्यवस्था नही है। पेयजल की व्यवस्था नहीं है। बैठक एवं पानी की व्यवस्था पुराने टिकट कांउटर में है। नए में भी इस व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही है।

### अवकाश के दिनों में भी होगी राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को ध्यान में रखते कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकित कर का भुगतान किया। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मार्च माह में कर दाताओं की सुविधा के लिए निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते निगम कार्यालय अवकाश के दिनों एवं शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। कलेक्टर अग्रवाल एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने कर दाताओं से अपील करते कहा कि वह अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान किया है। आप भी अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने। आपके राजस्व करों के भुगतान की राशि से निगम कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है। उन्होंने शासकीय विभागों से भी अपने-अपने विभाग के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान कर वित्तीय भार कम करने की अपेक्षा की।

# पंचायत सचिवों को मिला कर्मचारियों का समर्थन



■ सचिवों से किया वादा निभाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के महासचिव योगेश चौरे, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे नेतृत्व में भीषण ठाकुर, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हीरालाल मोर्य, चंद्रशेखर विजयवार, गुलमोहन वर्मा, फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन, पुष्पांजलि चंद्राकर, मीनाक्षी हेमने ने गत दिनों धरना स्थल पंहुचकर पंचायत सचिव संघ को अपना समर्थन दिया।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने कहा कि पंचायत सचिव पंचायतीराज व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। भाजपा ने जनघोषणा पत्र में पंचायत सचिवों का 100 दिन में शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन अब भाजपा सरकार वादाखिलाफ़ी करने उतारू है जिससे पंचायत सचिव हड़ताल करने को विवश है।

### पंचायतों का काम ठप

सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से सभी शासकीय कार्य और योजनाएं ठप है। ब्लॉक मुख्यालय में गत 17 मार्च से प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर सभी 100 ग्राम पंचायतों के सचिव हड़ताल पर हैं। महासचिव योगेश चौरे ने पंचायत सचिव संघ की मांग को जायज बताते हुए जल्द शासकीयकरण करने का आदेश जारी करने की मांग की है। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन, प्रवक्ता पुष्पांजलि चंद्राकर एवं सचिव मीनाक्षी हेमने ने चुनावी संकल्पपत्र के अनुसार वादा निभाने का आग्रह सरकार से किया। इस मौके पर पुरुषोत्तम रामटेके, विजय, मनहरण हंसे, उत्तमचंद सोनी, प्रीति लाटिया उपस्थित थे।

# महाविद्यालय के छात्रों से सरकार के बजट पर चर्चा

**जालबांधा।** विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गत दिनों राज्का बजट प्रस्तुत किया। बजट को लेकर नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट प्रावधान किया है। सबसे ज्यादा शिक्षा के लिए 22 हजार करोड़ की घोषणा राज्य सरकार ने की है। सरकार के बजट की थीम गति के बारे में उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस सुशासन, अधोसंरचना विकास, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास पर है। प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन ने बताया कि अब छत्तीसगढ़ राज्य सुशासन और तकनीकी के पहियों पर दौड़ेगा। अतिथि प्राध्यापक डॉ. कमलेश चेलक ने बजट को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्रगति प्रदान करने वाला बताया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक महेश साहू, मोनिका सिन्हा ने किया। इस मौके पर डॉ. नवीन सिंह राजपूत, रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, भारती साहू, नेमू साहू, हिरेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।




## डुंडेरा में संपन्न हुई कार्यकारिणी की बैठक

# सिन्हा समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान, बैठक में कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ कलार सिन्हा समाज की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को डुण्डेरा रेस्ट हाऊस में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। दूसरे सत्र में जिला अध्यक्ष शिव डड़सेना ने तहसील के मंडलेश्वरों को सहित पदाधिकारियों को अनेक के निर्देश देते हुए सामाजिक कार्यों में पारदर्शिता पर जोर दिया।

बैठक का शुभारंभ माता बहादुर कलारिन, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन तथा दीप प्रज्जवलन से हुआ। पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

जिला अध्यक्ष शिव डड़सेना ने स्वागत उद्बोधन के साथ जिले की राजनीति में कलार समाज के दबदबे और इस हेतु किये गये प्रयासों के संबंध में बताया।



### सामाजिक कार्यों में पारदर्शिता पर जोर

दूसरे सत्र में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष शिव डड़सेना ने मंडलेश्वरों से सामाजिक नियमावली के कड़ाई से पालन के साथ जिला, तहसील, क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक कार्यों को पारदर्शिता के साथ करने की अपील की। उन्होंने बताया अब प्रत्येक तहसील का ऑडिट वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद होगा। उन्होंने जिला कोष निरीक्षक के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करने निर्देशित किया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, राजनांदगांव जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जनपद सदस्य मनहरण सिन्हा, राजनांदगाव के पार्षद अमृता मोहन सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ठाकुरराम सिन्हा, गंगाराम सिन्हा, पूनम सिन्हा, सोनकुमार सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, हरिचंद गजेन्द्र, निर्मला सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, हंसा सिन्हा, उषा सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, ममता सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, रमेश सोनवानी, नाथूराम सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, मनोज सिन्हा, उत्तम सिन्हा, गजरू सिन्हा, भागवत सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, सुखदेव सिन्हा, पवन सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा, अनिल सिन्हा, सुरेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# बिहान दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

## कुंजामटोला में मुर्गीपालन केन्द्र का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला प्रशासन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नई पहल की है। बिहान योजना से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्राम कुंजामटोला में मुर्गी पालन केंद्र की शुरुआत की गई है। यह केंद्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने में मदद करेगा।

मुर्गी पालन केन्द्र का उद्घाटन कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सोमवार को किया। उन्होंने हितग्राही सुमित्रा बाई से रिबन कटवाकर केंद्र का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। उन्हें सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। यह पहल केवल रोजगार तक सीमित नहीं है बल्कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।



### मिलेगा प्रशिक्षण और संसाधन

यह परियोजना जिला प्रशासन और एबिस अस्मिता संस्था के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई है। इस पहल के तहत 25 चयनित बिहान दीदियों को 6 से 7 महीने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान मुर्गी पालन के व्यावसायिक पहलुओं, तकनीकी सहायता और विपणन की जानकारी दी गई, जिससे वह इस व्यवसाय को सफलतापूर्वक कर सकें। इसके अलावा मुर्गी पालन के लिए शेड निर्माण, आवश्यक उपकरण और बाजार से जुड़ाव भी प्रदान किया गया है।

### लखपति दीदी बनने की उम्मीद

बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं ने इस पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिला है। उन्होंने जिला प्रशासन और एबिस अस्मिता संस्था के प्रति आभार जताया और इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए मेहनत और एकता से कार्य करने का संकल्प लिया। यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें महिलाओं को प्रशिक्षण, संसाधन और बाजार से जोड़कर स्वरोजगार के लिए ठोस कदम उठाया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, जोया आलम, तनाज अजीज, डॉ. पौलोमी बैनर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

### उल्लास से मनाया जाएगा नववर्ष

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में आगामी रविवार को हिन्दू नववर्ष उल्लास से मनाया जाएगा। हिन्दू संगठन की ब्लाक एवं ग्रामीण इकाई द्वारा पर्व को मनाने तैयारी किया जा रहा है। इस अवसर पर सनातन एकता को लेकर रैली निकाला जाएगा। गांव गांव में राम जानकी, हनुमान मंदिर को भगवा पताका से सजाया जाएगा। मंदिरों में धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनाया जा रहा है। संघ ने लोगों से घरों में ध्वजा लगाने एवं रंगोली सजाने की अपील किया है।



## खबर संक्षेप

### नोडल अधिकारी नियुक्त


**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लू-तापघात की बचाव एवं तैयारी हेतु जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सरस्वती बंजारे का मोबाइल नंबर 9131015171 है।

### प्लेसमेंट कैम्प 5 को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से मेराकी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मुंद्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड (अडानी सोलर) और अदानी न्यू इंडस्ट्री (अडानी विंड) मुंद्रा कच्छ गुजरात के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सभी शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2019 से 2024 तक आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 28 वर्ष के केवल पुरूष उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित सम्मिलित हो सकते हैं।

### आलीखुटा में गीता जयंती व यादव सम्मेलन 13 अप्रैल को

**राजनांदगांव।** ग्राम आलीखुटा (रानीतराई) यादव समाज के



संयोजन में गांव के यादव भवन में 19 मार्च को सिंगदइ सर्कल कोसरिया यादव समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष विशारद यादव, उपाध्यक्ष पवन यादव, सचिव थनवार यादव, सह-सचिव मनोज यादव एवं पचईहां प्रमुख भगवान सिंह यादव, लालचंद यादव, लोरीक यादव, कुशल यादव, बसंत यादव और संरक्षक देवनारायण यादव, शिवलाल यादव एवं समस्त पंचगन भारी संख्या में उपस्थित रहे। सर्किल अध्यक्ष के नेतृत्व में सामाजिक पदाधिकारी द्वारा 13 अप्रैल को इस बार गीता जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सर्किल परंपरा को निभाते इस बार भी समाज से जुड़े साहित्य कला, खेल, शिक्षा सभी क्षेत्रों में समाज का नाम रौशन करने वाले यादव समाज के प्रतिभाओं को समाज द्वारा सामाजिक गौरव सम्मान दिया जाना है।
जिसमें साहित्य के क्षेत्र में प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार जीवन यदु खैरागढ़ एवं साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव छुईखदान का सम्मान और खेल के क्षेत्र में पूर्वी यादव का सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. चेतराम यादव का सम्मान, कला के क्षेत्र में दिलीप यादव का सम्मान किया जाना है। इस तरह समाज के कुछ प्रमुख हस्तियों का सम्मान किया जाना है। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मान आठवीं 10वीं व 12वीं में 70 प्रतिशत से आगे लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गांव-गांव में गाय चराने वाले चरवाहों का सम्मान, समाज में समय देने वाले पूर्व समाजिक पदाधिकारी सम्मान एवं इस बार के चुनाव में पंच-सरपंच, जिला जनपद में जो समाज से जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं।

---

लाखों रुपए खर्च फिर भी नहीं सुधर रही व्यवस्था

# कचरा प्रबंधन में नपं फिसड्डी सड़क के किनारे कचरा डंप

**मुख्य मार्ग से लेकर शहर के भीतरी इलाकों में गंदगी का आलम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

किसी नगर से होकर गुजरने वाले लोगों के मन में नगर की सुंदरता, चमचमाती सड़के, पेड़ और व्यवस्थित दुकानें सकारात्मक भावना उत्पन्न करती है किन्तु सड़को के किनारे पर कचरा डाला जाए, दुकाने अव्यवस्थित हो तो उस नगर की कैसी छबि बनेगी यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ ऐसा ही हाल नगर पंचायत गंडई के मुख्य मार्गो का है। निकाय द्वारा कई महीनों से सड़क किनारे कचरा डंप किया जा रहा है जिसके कारण नगर को लेकर राहगीरों के बीच गलत संदेश जा रहा है। बता दें कि गंडई से खैरागढ़ पहुच मार्ग पर बिजली आफ़सि से आगे सड़क पर नगर से निकलने वाले कचरे को डंप किया जा रहा है। इसी तरह कवर्धा मार्ग में रपटा के पास कचरार डंप किया जा रहा है।



### सार्वजनिक जगह पर गंदगी

आज कल सार्वजनिक जगहों पर बैठकर शराब पीने का चलन बढ़ा है। मदिरा प्रेमी शाम को अंधेरे का फायदा उठाकर सार्वजनिक स्थानों, सड़क किनारे, पुल के पास, गली मोहल्लों, नदी और तालाब किनारे मदिरा सेवन करने बैठ जाते हैं। मदिरा सेवन के बाद खाली बोतल, पानी पाउच, डिस्पोजल गिलास, चखने का समान एवं अन्य गंदगी छोड़ जाते है जिसके कारण हर जगह गंदगी नजर आती है।

### उचित प्रयास किया जाएगा

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि उन्हे कार्यभार ग्रहण किए महज 10 दिन हुए है। पदभार ग्रहण करने के बाद से नगर को व्यवस्थित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। कचरे के उचित प्रबंधन के लिए सीएमओ को बोलकर व्यवस्था बनाया जाएगा ताकि कचरे को सड़क किनारे डंप करने की आवश्यकता न पड़े।

### कचरा प्रबंधन की कार्ययोजना जरूरी

नगर पंचायत गंडई के पास अलग अलग जगहों पर शासकीय भूमि है। बहुत सी शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा चुका है जिसके कारण योजनाओ के लिए भूमि नहीं मिल पा रही है। नगर पंचायत अतिक्रमित भूमि का उपयोग कर कचरा प्रबंधन के लिए करे तो नालियों से निकलने वाले कचरे को डंप कर उक्त भूमि को समतल किया जा सकता है।

---

# नवोदय में जिले से 36 का चयन, शानदार उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल नई दिल्ली द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले से 36 बच्चों का चयन हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया कि मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम मे जिले के खैरागढ़ ब्लॉक से 23 बच्चो का और छुईखदान ब्लाक से 13 बच्चों का चयन विभाग के लिए उपलब्धियों भरा है। उन्होने बताया कि डोंगरगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय मे 80 सीटो मे प्रवेश के लिए राजनांदगांव, मोहला मानपुर और केसीजी जिले के 8 ब्लाक से बच्चे शामिल हुए थे जिसमें सर्वाधिक बच्चो का चयन जिले के दोनो ब्लाक से हुआ है। विभाग की इस अभूतपूर्व उपलब्धि को लेकर उन्होने इसका श्रेय कलेक्टर चंद्रकात वर्मा के सतत मार्गदर्शन और विभागीय अधिकारियों सहित शिक्षकों की मेहनत को दिया है। गौरतलब है कि जवाहर नवोदय मे बच्चों के चयन को लेकर पालको मे खासा उत्साह रहता है। बच्चों के सुखद भविष्य को लेकर शिक्षक भी प्रवेश परीक्षा मे शामिल होने कड़ी मेहनत करते है। निर्धारित कालखंड के अलावा अलग से एक्स्ट्रा क्लास लगाकर बच्चों को इसकी तैयारी कराते रहे जिसके चलते घोषित परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना, एबीईओ किशोरी लाल अमेला, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान ने सभी चयनित बच्चो को बधाई दी है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

जवाहर नवोदय विद्यालय मे बच्चो को मिलने वाली सुविधा सहित उच्च दर्जे की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर पालको सहित शिक्षकों मे भी काफी उत्साह रहता है। चयन होने पर बच्चो को छठवीं से बारहवीं तक परिसर मे ही छात्रावास की सुविधा, अनुशासन, आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। पांचवी पढ़ने वाले बच्चे इसमे शामिल हो सकते है। एक बार फेल होने पर दोबारा चयन परीक्षा मे शामिल नही हो सकते। छठवीं से आठवीं तक क्षेत्रीय या हिंदी भाषा मे पढ़ाई होती है। नवमी से बारहवी तक अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाती है। बेहतर शिक्षा के लिए बच्चों को नॉर्थ या साउथ मे स्थित विद्यालय मे सालभर के लिए भेजा जाता है। इन्ही सब गुणवत्ता और सहूलियत के अलावा फीस को देखते हुए पालक के साथ शिक्षक भी कड़ी मेहनत करते है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन सुबह 7 बजे से

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। आदेशानुसार 1 अप्रैल 2025 से आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन सुबह 7 से 11 बजे तक किया जाएगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति के बाद 1 जुलाई 2025 से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक 6 घंटे के लिए किया जाएगा।

---

# इंदिरा कला संगीत विवि में फिर बढ़ा विवाद रिटायर्ड शिक्षक ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि मे प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर रिटायर्ड शिक्षक बीआर यादव ने दुबारा मोर्चा खोल दिया है। कुलपति ममता चंद्राकर को हटाने की मांग लेकर सप्ताह भर से अनशन पर काबिज रहने वाले सेनि शिक्षक बीआर यादव ने विवि प्रशासन के खिलाफ दुबारा आवाज उठाते हुए इस बार कुलपति की नियुक्ति, वित्तीय अनियमितताओं और अकादमिक गिरावट को लेकर गंभीर आरोप लगाया हैं और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बीआर यादव वही शिक्षक हैं, जिनकी भूख हड़ताल के कारण पूर्व कुलपति ममता चंद्राकर को पद से हटना पड़ा था। अब एक बार फिर उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन पर



मनमानी, भ्रष्टाचार और शैक्षणिक गुणवत्ता में गिरावट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विवि का स्तर लगातार नीचे जा रहा है, और इसके लिए वे उन लोगों को जिम्मेदार ठहराते हैं, जो संस्थान को निजी स्वार्थों के लिए चला रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2022 में आयोजित खैरागढ़ महोत्सव और दीक्षांत समारोह में अनाधिकृत लोगों को मंच पर स्थान दिया गया था, जिससे विवि की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। इसके अलावा, अस्थायी कुलपति की नियुक्ति में अपारदर्शिता बरती गई, जिससे योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय हुआ। साथ ही वित्तीय अनियमितताओं और व्यवस्थित प्रशासन के कारण विश्वविद्यालय का शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित हुआ है।

### एडीएम ने दी सफाई, जांच की प्रक्रिया जारी

मामले पर एडीएम और कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि वर्ष 2022 के खैरागढ़ महोत्सव को लेकर पहले भी जांच के लिए आवेदन दिया गया था, जिसमें विस्तृत जांच प्रक्रिया चल रही थी और अब वह लगभग पूरी होने वाली है। हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में कुछ कमियों की ओर भी ध्यान दिलाया गया है, जिन्हें भविष्य में सुधारने का आश्वासन दिया गया है। इसी संबंध में रिटायर्ड शिक्षक बीआर यादव ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को जिला कार्यालय के गेट पर जाकर अपनी लिखित शिकायत सौंपी, जिस पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है फिलहाल विवि प्रशासन की ओर से इस पूरे विवाद पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

---

# गैंदाटोला विद्युत उपकेन्द्र में नया 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव उपसंभाग के ग्राम गैंदाटोला में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 1.60 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि करते 3.15 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार गैंदाटोला उपकेन्द्र की क्षमता 6.60 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से गैंदाटोला उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांव के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।



### कई गांवों से दूर होगा बिजली संकट

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद साहू ने बताया कि गैंदाटोला उपकेन्द्र में 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से स्थापित नए 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम लुलीकसा, आलीवारा, फगरूटोला, जयसिंगटोला, खपराभाट, कुहीखुर्द, सोनवानीटोला, पर्थराटोला, फाफामार, मेटेपार एवं लुडकाबोड़ के 1950 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता एस. कंवर ने कार्यपालन अभियंता पीसी साहू, एडी टंडन, सहायक अभियंता आरपी ठाकुर, जनक साहू, एसपी ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता धनेश्वरी चन्द्रवंशी और उनकी टीम की सराहना की है।

---

# भगत सिंह आज भी प्रासंगिक है : प्रभात

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ इकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस की स्मृति में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्ताशय की जानकारी देते प्रलेस राजनांदगांव इकाई के सचिव पोषण वर्मा ने बताया कि गोष्ठी के प्रारंभ में मुकेश रामटेके ने कहा कि भगत सिंह ने जिस उम्र में आजादी के लिए क्रांति किया, वो महान साहसिक कदम है। जिसकी तुलना नहीं की जा सकती। आज उस उम्र के नौजवानों में वैसी चेतना नहीं दिखती।

मुन्ना बाबू ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि भगत सिंह एक महान क्रांतिकारी होने के साथ महान विचारक और लेखक थे। उनका दिया नारा और उनका बलिदान हमेशा अमर रहेगा। श्रीकेश शर्मा ने भगत सिंह को शहादत को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. थानसिंह वर्मा ने कहा कि भगत सिंह को वैचारिक क्रांति की चेतना उनके परिवार से प्राप्त हुई थी। कम उम्र में ही भगत सिंह ने लेनिन, मार्क्स और दुनियाभर में हुई क्रांति के विचारों को पढ़ चुके थे।

इकाई के सचिव पोषणलाल वर्मा ने कहा कि भगत सिंह मात्र तेईस वर्ष की उम्र में देश की आजादी के लिए शहीद हो गए। उस घटना के बाद नौजवानों में क्रांति की चिंगारी फूट पड़ी और वे समूचे भारत में क्रांति-अग्रदूत और नायक बन गए। आज उनके शहादत दिवस पर उन्हें और उनके विचारों को याद करना गर्व की बात है। अंत में प्रभात तिवारी ने कहा कि आज के युवाओं में उनके जैसी झलक बहुत कम ही देखने को मिलती है।

---

# पदयात्री सेवा के लिए बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में मां बम्लेश्वरी जाने वाले पदयात्रियों की सेवा विशेषकर विश्राम सेवा, स्नान, मोबाइल चार्जिंग, महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था तथा नवरात्र में अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए संयुक्त सेवा पंडाल की बैठक हुई।

उक्त जानकारी देते आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, योगेश साहू व महिला सेवा अध्यक्ष मधु खंडेलवाल ने बताया कि समाजसेवी डॉ. डीसी जैन व बढ़ते कदम के अध्यक्ष गुरूमुख दास वाधवा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वप्रथम बागेश्वर उत्सव भवन जो जनसामान्य के धार्मिक, मांगालिक, पारिवारिक आयोजनों सबसे दर पर जनसमान्य को उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उसके पूर्ण होने की जानकारी पंकज गुप्ता द्वारा देकर उपस्थित वरिष्ठजनों के स्वागत पश्चात बैठक आरंभ हुई।

बैठक में योगेश साहू, लक्ष्मी गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, अजय गुप्ता, गोविंद नारायण गुप्ता, सौरभ गुप्ता, गोल्डी, श्यामा गुप्ता, माधुरी शर्मा, यशोदा गुप्ता, मीठू शर्मा आदि अनेक धर्म सेवीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी सौरर्भ गुप्ता व सम्पत गुप्ता ने दी।

### कई समाज करेंगे सेवा

बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी प्रख्यात वक्ता राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, आस्था मूकबधिर संस्था के पूर्व अध्यक्ष हेमंत तिवारी, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा, काली माई मंदिर समिति के रघु शर्मा, संरक्षक रामवतार जोशी, सोहन गुप्ता, कसौधन वैश्य समाज की महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष आशा गुप्ता व शहर अध्यक्ष अन्नू गुप्ता, आयोजन समिति की महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल, शनिधाम मंदिर के राकेश ठाकुर, साइंस कॉलेज की पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष प्रज्ञा गुप्ता आदि ने पदयात्रियों की सेवा व अन्य आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में श्री बागेश्वर धाम मंदिर में सेवा उपस्थिति देने का आग्रह किया। बैठक में अनेक धर्म सेवकों ने बाहर होने के बावजूद श्री मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी उपस्थिति व सुझाव सेवा के लिए दिए। संचालन पंकज गुप्ता व आभार सूरज गुप्ता द्वारा किया गया।

---

श्रद्धा से मनायी गई जयंती

# माता कर्मा को लगाया खिचड़ी का भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

दुबेलिया तेली साहू समाज ने जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया। सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित कर पूजा अर्चना किया गया। आरती के बाद खिचड़ी का भोग लगाया गया। इस मौके पर माता कर्मा के जीवन को भजन मंडली सिलपट्टी ने झांकी के माध्यम से दिखाया। समाज के पदाधिकारियों ने माता कर्मा की जीवन पर विचार व्यक्त किए। केंद्रीय अध्यक्ष शिव कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा ने तेली समाज में जन्म लेकर सभी समाज को दिशा दिखाने का कार्य किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्यों को व्यापारी प्रकोष्ठ के सहयोग से सम्मान किया गया।

### निकाली कलश यात्रा

इस दौरान समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा सामाजिक भवन श्यामपुर से निकलकर जय स्तंभ, बस स्टैंड, बाजार लाइन, जैन मोहल्ला, राजमहल चौक, बिजली ऑफिस होते हुए वापस सामाजिक भवन पहुंची। कलश यात्रा के जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह पूर्व विधायक कोमल जंघेल, खम्हन ताम्रकार, घम्मन साहू में शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष श्री साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर हरीराम साहू, बृजलाल साहू, दानेश्वर साहू, सुंदरलाल साहू, धनऊराम साहू, रामसुख साहू, केशवराम साहू, सीआर साहू, सत्यपाल साहू, बद्रीराम साहू, मनीष साहू, डॉ मोरध्वज साहू, टेकराम साहू, डॉ दिनेश साहू, अलखराम साहू, संतोष साहू, विष्णु साहू, हरिशंकर साहू, आत्माराम साहू, मायाराम साहू, पूरन साहू, कुशल साहू, अनिल साहू, सतीश साहू, पंच कुमार सिलोटिया, नारद, किशन सिलोटिया, रवि साह, अशोक साहू, विनोद साहू, मनसुख साहू, भूपेंद्र साहू ,घनश्याम साहू, पूरन साहू, दिनेश साहू, बिहारी साहू, जितेन साहू, मनराखन साहू, अमीर साहू, अमरनाथ साहू, भागवत साहू, लखनू साहू, भुनेश्वर साहू, किशोर साहू, पवन साहू, मनोज साहू, डेराराम साहू, चमारराय साहू, परघनिया साहू, कुंज साहू, राजेश साहू, पूर्णानंद साहू, कॉनशुराम साहू, सुदामा साहू, अशोक साहू, मनोहर साहू, कृष्णा साहू, वरुण साहू, ओंकार साहू, प्रकाश साहू, करण साहू, नाथूराम साहू, राजू साहू, पलटन साहू, शिवरतन साहू, बहल राम साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन सीआर साहू व बद्रीराम साहू ने किया।

---

# ठाकुरटोला में सर्किल सम्मेलन

**राजनांदगांव।** लाल बहादुर नगर सर्किल के ग्राम ठाकुरटोला में सर्किल सम्मेलन, होली मिलन एवं आदर्श विवाह का कार्यक्रम 25 मार्च को आयोजित हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष आनंदराम यादव ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने उद्‌घोषक में आदर्श विवाह की सराहना किया गया एवं समाज में शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने जोर दिया गया। समाज के माता, भाई, बहनों एवं बच्चों तथा अन्य अतिथियों द्वारा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही आदर्श विवाह के जोड़े वर-वधु को उपस्थित लोगों द्वारा आशीर्वाद दिया गया। इसके अलावा उदघोषणा में समाज में ज्यादा से ज्यादा आदर्श विवाह करने पर जोर दिया गया। इस आयोजन में विश्वनाथ यादव, मन्नालाल यादव, हरिश यादव, धन्नालाल यादव, भोला यादव, दिलीप यादव, धरम यादव, नारायण यादव, देवेश यादव, मंजू यादव, शीला यादव, मधु यादव, केशर यादव, मीना यादव, निर्मला यादव, निशा यादव, शारदा यादव, ईश्वर यादव, सुनील यादव, शंकर यादव, कमल यादव, सूर्यकांत यादव, आरती यादव, गीता यादव, उभय यादव, नरेश यादव, रूपलाल यादव, किरण यादव, राधिका यादव, अरिना यादव, बसंती यादव, जंतराम यादव, अशोक यादव, राजेन्द्र यादव, अजय यादव, संतराम यादव, उभय, धनसाय, धूरसिंग, दुरदेशी, अरविंद मकोदी, समोदी, रतन, चैतराम, मन्नूलाल, ताराचंद, परसोत्तम, रामगुलाल, लीलेश्वर, टकेश्वर, ईश्वर, प्रेमनाथ, सोनबतीबाई, ननकीबाई, गौरीबाई, मोतीराम, दिलेश्वर, बोधीराम उपस्थित थे।

---

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय - न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2**
**तहसील-डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव**
राजस्व प्रकरण क्रमांक-202411091900001
मामले का विषय -अ-6
(चालू राजस्व वर्ष के भू-अभिलेखों मे नामांतरण)
नोटिस क्रमांक-004
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- **गणेश मारकंडे**
अनावेदक पक्षकार - **संतोष कुमार सिन्हा, दुलौरिन सिन्हा**
भूमि का विवरण जिसके संबंध में विवाद विचारधीन है जिला-राजनांदगांव तहसील-डोंगरगांव प.ह.नं.-00036 ग्राम [खसरा (रकबा)] कोटरासरार
आवेदक/ अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है
नाम- **संतोष कुमार सिन्हा,** पिता-अंजोरी राम सिन्हा, पता-ओडार सकरी पोस्ट गबदी जिला बालोद।
आपको सूचित किया जाता है की उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख -02/04/2025
दिन के 11 बजे, स्थानः न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव पर होगी।
विषयः बयनामा नामांतरण हेतु ।
नोटिस दिनांक-24/03/2025
मुहर
राजस्व अधिकारी
(Jagdev Prasad Khunte)
पदनाम (जगदेव प्रसाद खूटे, नायब तहसीलदार)

**नायब तहसीलदार खैरागढ़**
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)
अ-6/वर्ष 2024-25
**// ईश्तहार //**
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी जोरातराई प.ह.नं. 47 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई को सूचित किया जाता है कि, आवेदक उत्तम वर्मा पिता गीता वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम चिंगली तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के फुफा जगदीश वर्मा के नाम पर ग्राम जोरातराई में ख.नं. आवेदक के फूफा स्व.जगदीश वर्मा के नाम से ग्राम जोरातराई प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. अतरिया तहसील खैरागढ़ में ख.नं. 665/5, 813/11, 846/9 रकबा क्रमशः 0.133. 0.235, 0.102 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.470 हे. कृषि भूमि स्थित है। यह कि आवेदक के फुफा का निःसंतान फौत हो जाने से उनका नाम खाते से विलोपित कर वैद्य वारिसान/आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु दस्तावेज मय आवेदन पेश किया है।
अतएव उपरोक्तानुसार उक्त प्रकरण में जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो वह आगामी पेशी दिनांक 28.03.2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक : 17.03.2025
पेशी दिनांक : 28.03.2025
मुहर
**नायब तहसीलदार**
**जालबांधा**

## सार समाचार

### घोरदा में मानस कथा यात्रा 28 से

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम घोरदा में आगामी 28, 29 एवं 30 मार्च को तीन दिवसीय रामचरित मानस कथा यात्रा का आयोजन कन्नोजे परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में प्रवचनकर्ता मानव मर्मज्ञ राजहंस भारद्वाज ग्राम सोनसायटोला अंबागढ़ चौकी होंगे। प्रवचन व सत्संग का सुबह 11 से 01 व दोपहर 03 से शाम 05 बजे तक होगा। कन्नोजे परिवार ने मानस प्रेमियों को सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### चुनाव 30 मार्च को

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी व कर्मचारी संघ (अजाक्स) पंजीयन क्रमांक 10/2001 छग शासन से मान्यता प्राप्त संगठन के कोर ग्रुप की बैठक 21 मार्च को लिए गए निर्णय के तारतम्य में जिलाध्यक्ष का चुनाव कराया जाना है। साथ ही पूरी कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। उक्त जानकारी देते अजाक्स के कार्यकारी सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी ने बताया कि जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे की सेवानिवृत्ति पर उक्ताशय प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि आगामी 30 मार्च को दोपहर 2 बजे हल्बा सामुदायिक भवन कौरिनभाठा राजनांदगांव के सभागृह में अपनी-अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### कर्मचारियों को अनुभव प्रमाण पत्र देने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** जिले के प्रवास पर आए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आज जिला चिकित्सालय में संविदा, दैनिक



वेतनभोगी एवं ठेकेदारी प्रथा में कार्यरत मेडिकल व नॉन-मेडिकल कर्मचारियों को अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से कार्यरत इन कर्मचारियों को अनुभव प्रमाण पत्र न मिलने के कारण उनके भविष्य के रोजगार अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस गंभीर विषय को ध्यान में रखते स्वास्थ्य मंत्री ने त्वरित निर्णय लिया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को निर्देश दिए कि सभी पात्र कर्मचारियों को शीघ्र अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए। उन्होंने मंत्री का आभार व्यक्त करते इस महत्वपूर्ण निर्णय की सराहना की। स्वास्थ्य मंत्री के इस सकारात्मक निर्णय से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

### सीआरसी ठाकुरटोला में क्षेत्रीय पेरेंट्स मीटिंग

**राजनांदगांव।** सीआरसी ठाकुरटोला में दो दिवसीय क्षेत्रीय पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहले दिन छत्तीसगढ़, ओडिशा,



महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और आंध्रप्रदेश से अभिभावकों ने भाग लिया। गौरतलब है कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि महिमा सोनी (एबीएस ग्रुप), शिव राजन (बीएसपी सीएसआर महाप्रबंधक) और सुरेंद्र (इंडियन बैंक मैनेजर) ने अपने विचार साझा किए। तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय ट्रस्ट की योजनाएं, किशोरावस्था में मेटाबोलिक वेलनेस, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां, सरकारी योजनाओं के लाभ और अभिभावकों की आत्म-प्रवक्तिता पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम निदेशक स्मिता महोबिया और समन्वयक प्रशांत मेश्राम के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मीटिंग का उद्देश्य पेरेंट्स को जागरूक और सशक्त बनाना था, जिसे प्रभावी रूप से पूरा किया गया।

### श्रीगणेश हनुमान मंदिर में 30 को भजन

**राजनांदगांव** । श्री गणेश हनुमान मंदिर मिथिलाधाम में 30 मार्च नवरात्रि हम हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में पूज्य श्री मोनी बाबा के निर्देश पर विश्व कल्याणर्थ ज्योति कलश की स्थापना किया जाएगा। नववर्ष की पूर्व संध्या पर श्री मिथिला महिला मंडल द्वारा संध्या के समय भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिवर्षानुसार बम्लेश्वरी तीर्थयात्रियों के ठहरने एवं स्नान तथा भोजन की व्यवस्था की जाएगी । नवरात्र पर्व के अंतिम दिन भक्तजन को शर्बत ठंडाई का वितरण किया जाता है। अशोक चौधरी ने बताया कि राजनांदगांव बम्लेश्वरी यात्रियों की सेवा प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

### कोमेश देवांगन नवोदय के लिए चयनित

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भेड़ीकला के पांचवी के छात्र कोमेश कुमार देवांगन पिता मनोज कुमार देवांगन का चयन नवोदय



विद्यालय के लिए हुआ है। कोमेश कुमार देवांगन मेधावी छात्र है। नवोदय के लिए चयन पर बालक कोमेश देवांगन के साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला भेड़ीकला के प्रधान पाठक रोशन साहू व शिक्षण स्टॉफ राजेश कांवरे, चंचल राहुल, कक्षा पांचवी की प्रभारी शिक्षिका सरला सावरकर, सरिता देवांगन, पुष्पलता देवांगन को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, भेड़ीकला सरपंच बिसंतीन नीलकमल नेताम, पूर्व सरपंच कृष्णा साहू, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, संकुल प्राचार्य एफआर वर्मा, संकुल समन्वयक नवीन कुमार महोबिया ने छात्र एवं सर्व स्टाफ को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### एमआईसी की पहली बैठक 28 को

**राजनांदगांव।** नगर निगम में एमआईसी की पहली बैठक 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से महापौर मधुसूदन यादव के कक्ष में आयोजित की गई है। माना जा रहा है कि उक्त बैठक में शहर के विकास कार्यों संबंधी एवं जनहित के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

### संकीर्तन में आएंगे प्रदेश अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** जगतगुरुत्तम श्री कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी के प्रवचन व रसमय संकीर्तन का आयोजन स्टेट हाईस्कूल मैदान में 25 मार्च से 8 अप्रैल तक शाम 7 से 9 बजे तक किया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को उनके राजनांदगांव प्रवास के दौरान प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु उदय मिश्रा ने नवीन रेस्ट हाउस में भेंटकर आयोजन समिति की ओर से आमंत्रित किया। अध्यक्ष श्री बैज जिला साहू संघ द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल होने राजनांदगांव पहुंचे थे। उन्होंने नवीन रेस्ट हाउस में जिले के कांग्रेसजनों से भी भेंट कर चर्चा भी की। इस दौरान उनका स्वागत किया

## निधन

### डॉ.कुंवर लाल बारमते



**डोंगरगढ़।** विकासखंड के ग्राम पंचायत करवारी निवासी एवम पशु चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत डॉक्टर कुंवर लाल बारमते उम्र 73 साल का 26 मार्च को देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्ति धाम में किया जाएगा।

# हेलीकाप्टर वाले किसान ने कहा: एक किलो धान की फसल में लग रहा सात सौ लीटर पानी, आज के दौर में यह घाटे का सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेजी से गिरते जलस्तर के बीच जल संकट के दौर से सैकड़ों गांव गुजर रहे हैं। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में धान तो कटोरे से छलक रहा है, लेकिन पानी खाली होता जा रहा है। प्रदेश के गांवों में गहराते जल संकट के पीछे एक बड़ी वजह यहां के धान की परंपरागत खेती है।

यहां किसान खरीफ के अलावा रबी सीजन यानी ग्रीष्म ऋतु में भी फसल लेते हैं। इस धान की फसल में करोड़ों लीटर पानी खत्म हो जाता है। अपनी विशिष्ट सामूहिक खेती के लिए प्रसिद्ध मेडिशनल प्लांट बोर्ड ऑफ इंडिया के सदस्य हर्बल व काली मिर्च की खेती के लिए विश्व प्रसिद्ध हेलीकॉप्टर वाले किसान राजाराम त्रिपाठी छत्तीसगढ़ की धरती से लगातार कम हो रहे जल स्तर से चिंतित हैं। महाराष्ट्र के गोंदिया में एक गोष्ठी को संबोधित कर वापस कोंडागांव जाते समय उन्होंने राजनांदगांव में पत्रकारों से बातचीत की और समृद्ध छत्तीसगढ़ व जलसंकट पर अपने विचार साझा किए।

#### धान की उपज बढ़ी

प्रदेश की सरकार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर भले ही किसानों को बढ़ावा दे रही है। जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर धान की खेती हो रही है। जिले में ही धान की खेती करने वाले हजारों किसान बढ़ गए हैं। धान का रकबा बढ़ गया है, लेकिन इस धान की खेती के पीछे यह फायदे का नहीं, बल्कि घाटे का सौदा है।आधुनिक किसान राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि आमतौर पर किसान 700 लीटर पानी खर्च कर 1 किलो धान उगाते हैं तो यह घाटे का सौदा है। पानी के उपयोग के हिसाब से 1 किलो धान की लागत लगभग 10000 रुपए बैठती है, जो अंततः आर्थिक रूप से नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अन्य लाभकारी फसलों के बारे में भी सोचा जाना चाहिए।



■ धान के बजाए अन्य फसल पर जोर

#### अन्य फसलों की अपार संभावना

राजनांदगांव पहुंचे राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। यहां अधिकांश फसलें हो सकती है। विशेषकर वैसी फसलें भी जो अन्य जगह नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में जल संकट दिखाई दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं सूख रहे हैं। तालाब सूख चुके हैं और जहां कभी पानी की तकलीफ नहीं होती थी, वहां भी पानी की तकलीफ दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिन और भी कठिन होने वाले हैं। छत्तीसगढ़ की मुख्य फसल धान है और बिना पानी के धान की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसानों से अपील है कि वह गर्मी वाले धान की खेती को बंद करें और अन्य फसलों पर ध्यान दें।

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विस अध्यक्ष और मंत्री

# फिजियोथेरेपी कॉलेज की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार को भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में इस मेडिकल कॉलेज की नींव रखी गई थी। छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज बनाने की कल्पना है। यहां का भवन बहुत अच्छा है। आने वाले 4 वर्ष के भीतर सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव के अवसर पर ट्रामा यूनिट, सीटी स्कैन, एमआरआई, फिजियोथैरेपी कॉलेज, मॉड्यूलर किचन, कैथ लैब, लॉउंड्री, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना जैसे कार्यों के लिए घोषणा की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वशासी समिति की बैठक में मेडिकल कॉलेज सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बहुत सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना की जाएगी।




#### कैथ लैब की घोषणा

मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग से संबंधित मरीजों के ईलाज के लिए लैब के लिए साढ़े चार करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। सीएसएचडी के लिए भी 1 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। ट्रामा सेंटर सीसीएचबी यूनिट 7 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से शीघ्र निर्माण किया जाएगा। एमआरआई मशीन लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से खरीद कर शीघ्र लगाया जाएगा।

#### तीन माह के भीतर लगेगी सीटी स्कैन मशीन

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीटी स्कैन मशीन को तीन माह के भीतर स्थापित कर प्रारंभ किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मॉड्यूलर किचन 50 लाख रुपए की लागत से निर्माण करने का अनुमोदन किया गया है। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अस्पताल के कपड़े धुलाई के लिए 50 लाख रुपए की लागत का उच्च गुणवत्ता का बड़ी लाउंड्री मशीन खरीदी जाएगी। मेडिकल कॉलेज परिसर में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका ने स्वागत उद्बोधन दिया। वार्षिकोत्सव में मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी कला को प्रदर्शित किया। इस दौरान उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# मुस्लिम समाज आज मनाएगा शबे कद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ कब्रिस्तान में रातभर की जाएगी इबादत

मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व रमजान का महीना अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। एक माह तक चलने वाले इस पर्व में 25 रोजे संपन्न हो चुके हैं। कल 27 मार्च को 26 रोजे पूरे होंगे। इसके साथ ही आज राजनांदगांव सहित देशभर में मुस्लिम समुदाय द्वारा शबे कद्र मनाया जाएगा। घरों के साथ-साथ मस्जिदों तथा कब्रिस्तान में रातभर इबादत की जाएगी। आज मस्जिदों में तराबीह का समाप्त होगा। साथ-साथ पवित्र कुरान भी मुक्कमल होगा।

जामा मस्जिद पठानपारा के अध्यक्ष (मुतव्वली) रईस अहमद शकील ने बताया कि मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व रमजान का महीना चल रहा है। आज 25 रोजे पूरे हो गए हैं। कल 27 मार्च को 26वां रोजा है।

इसी दिन मुस्लिम समुदाय द्वारा शबे कद्र मनाया जाता है। मस्जिदों में रात के समय होने वाली विशेष तराबीह की नमाज आज संपन्न होगी। पवित्र कुरान पूरी तरह से मुकम्मल हो जाएगा। उसके बाद मस्जिदों से लेकर कब्रिस्तान में समुदाय के लोगों द्वारा विधि-विधान के साथ रातभर इबादत की जाएगी। लोग कब्रिस्तान में जाकर अपने-अपने रिश्तेदारों, जो इस दुनिया से जा चुके हैं, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह सिलसिला पूरी रात चलता रहेगा। उसके बाद सुबह 3 बजे से 27वें रोजे के लिए शायरी की जाएगी।

**महापौर कालोनी वासियों से हुए रूबरू**

# रिद्धी-सिद्धी कालोनी से दूर होगा जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव वार्ड नं. 44 व 45 स्थित आर्शीवाद व रिद्धी-सिद्धी कालोनी पहुंचकर संबंधित वार्ड के पार्षदों



सेवकराम उईके एवं डुरेन्द्र साहू तथा कालोनीवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने पानी की समस्या के संबंध में चर्चा कर समाधान करने उप अभियंता अनुप पांडे को निर्देशित किया।

महापौर यादव वार्ड नं. 44 के आर्शीवाद कालोनी में कालोनीवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कालोनीवासियों ने कहा कि इस कालोनी की प्रमुख समस्या पानी है। उन्होंने कहा कि यहां पर्याप्त पानी कालोनीवासियो को नहीं मिल पाता है। महापौर ने पार्षद से जानकारी लेकर आधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय की टंकी एवं आरके नगर की टंकी को एक साथ खोले। जिससे प्रेशर बढ़ेगा और पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचेगा। साथ ही टंकी भरने के पश्चात ही वाल्व खोलने कहा तथा तकनीकी रूप से हरसंभव प्रयास करने के निर्देश उप अभियंता को दिए। इसके अलावा रोड एवं नाली की पुरानी समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया।

#### पाइप लाइन का होगा विस्तार

रिद्धी-सिद्धी कालोनी में पाईप लाइन विस्तार कार्य किया जाना है। जिसके लिए कालोनीवासी छह इंची पाईप बिछाने की मांग कर रहे थे। इस पर महापौर यादव ने कहा कि निगम द्वारा निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार ही चार इंच पाईप लाइन को बिछाने स्वीकृति दी गई है और उसके अनुसार पाईप लाइन बिछाया जाना है। उन्होंने कहा कि चार इंच पाईप लाइन से ही पर्याप्त पानी आएगा। कालोनी की अन्य जो भी समस्या है, उसका भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

# मांगों को लेकर कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ द्वारा 26 से 28 मार्च तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान दो दिवसीय जिला स्तर पर और एक दिवसीय प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

छग मनरेगा कर्मियों हेतु मानव संसाधन नीति लागू नहीं करने और लंबित वेतन भुगतान से नाराज रोजगार गारंटी योजना के कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने काम बंद सांकेतिक हड़ताल किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा, कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक के नाम ज्ञापन सौंपा है।



#### मांगों से कराया अवगत

नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक मनरेगा कर्मियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु मानव संसाधन नीति तत्काल लागू करने, पूर्व में किए गए हड़ताल अवधि का वेतन, मानदेय तत्काल प्रदान करने, विगत 03 से 05 माह का लंबित मानदेय तत्काल भुगतान करने और प्रतिमाह 1 से 5 तारीख के मध्य वेतन, मानदेय भुगतान करने की मांग की है।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

मांग पूरी होने तक मनरेगा कर्मियों से केन्द्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाए। वहीं मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है।

# बोतल रखकर किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा कई जगहों पर नई शराब दुकान खोला जाना प्रस्तावित होने को लेकर विरोध जताते बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया और शहर में ठेले पर प्रतिकात्मक शराब की बोतले रखकर बेचने निकले।

बसपा से महापौर प्रत्याशी रहे शमसुल आलम ने कहा कि आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त यदुनंदन राठौर की मंशा के खिलाफ शहर में एक भी नई शराब दुकान खुलने पर रोक लगाने चलित शराब दुकान बनाकर पूरे शहर के मुख्य मार्गों में निकाली गई है।



#### विरोध में सौंपा ज्ञापन

नई शराब दुकान खोलने की विरोध यात्रा गांधी सभागृह परिसर से जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुनानक चौक पहुंची, जहां नायब तहसीलदार को उक्ताशय का ज्ञापन सौंपा गया।

**बेचना है**

- विजय लक्ष्मी नगर डोंगरगांव में 30x60 वर्गफीट के दो प्लॉट
- डोंगरगांव कॉलेज के पास 33x66 के दो प्लॉट
- विजय लक्ष्मी नगर डोंगरगांव के पीछे (आदिवासी प्लॉट) 30x70 के चार प्लॉट
- मोगरा कॉलोनी डोंगरगांव में दो प्लॉट

- संपर्क करें -
9907168139
9424139198

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 13,500/

By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई,
27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### पार्षद ने बदली व्यवस्था, सुबह 7 बजे खुल रही राशन दुकान

# राशन लेने नहीं लेनी पड़ रही छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 47 मोहारा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाली राशन सामग्री को लेकर नवनिर्वाचित पार्षद आलोक श्रोती ने लोगों की सुविधाओं को देखते अपने वार्ड में एक नवीन पहल की है। यहां अधिकांश मजदूर वर्ग के लोगों को दृष्टिगत रखते राशन दुकान खुलने का समय सुबह 7 से दोपहर 1 बजे कर दिया गया है। जिससे लोगों को राशन लेने में काफी सुविधा हो रही है। वहीं राशन दुकान में अब भीड़ भी नहीं लग रही है।

पार्षद आलोक श्रोती का कहना है कि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक समस्या यह देखी कि राशन लेने के लिए लोगों को अपने काम से छुट्टी लेनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि उनका वार्ड लगभग 95 प्रतिशत श्रमिक बाहुल्य है। यहां घर के सभी बड़े सदस्य काम पर चले जाते हैं। पहले जब 11 बजे राशन दुकान खुलती थी



तो उन्हें अपने काम से छुट्टी लेकर राशन लेना पड़ता था। कभी-कभी भीड़ अधिक होने पर शाम हो जाती थी या फिर दूसरे दिन राशन मिलता था।उन्होंने कहा कि इस समस्या को देखते हुए उन्होंने वार्ड में सुबह 7 बजे राशन दुकान शुरू करने के लिए दुकान संचालक से बात की और फिर यह नई व्यवस्था बनाई गई। अब लोग सुबह 9 बजे तक राशन लेकर अपने काम पर भी चले जाते हैं।

#### सर्वर की समस्या नहीं

दुकान संचालक चंद्रकांत का कहना है कि सुबह के समय राशन वितरण हो जाने से सर्वर की समस्या भी सामने नहीं आ रही है। सुबह बेहतर सर्वर रहता है। वहीं राशन वितरण का काम भी काफी आसानी से हो रहा है।

#### अच्छी व्यवस्था

राशन लेने पहुंचे मोहारा वार्ड के नागरिकों का कहना है कि पहले सुबह 11-12 बजे तक दुकान खुलती थी। जिससे समस्या हो रही थी। अब पार्षद ने काफी अच्छी व्यवस्था कर दी है। सुबह के समय राशन मिल जाता है। सुबह राशन मिलने से उन्हें अपने काम से छुट्टी नहीं लेनी पड़ रही है। वार्ड के नागरिकों में इस फैसले को लेकर हर्ष व्याप्त है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## खबर संक्षेप

### पियूष टेकाम का नवोदय विद्यालय में चयन

**हरिभूमि रेंगाखार कला।** बोड़ला वनांचल ग्राम पंचायत समनापुर में



स्थित शासकीय आदिवासी बालक आश्रम समनापुर के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र पियूष टेकाम पिता प्रकाश कुमार टेकाम का चयन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। वहीं बच्चे के चयन होने पर परिजन सहित ग्रामीणों में भारी हर्ष का माहौल बना हुआ है। वहीं कक्षा शिक्षक अनिल कुमार यदु ने माता-पिता, गुरूजनों एवं गांव का नाम रौशन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### धनेली में धुमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम धनेली में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान पाप मोचनी एकादशी के पावन पर्व पर मां महामाया परिषर में साहू समाज के पदाधिकारियो व ग्रामीणों द्वारा आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

### ग्रीष्मकालीन धान फसल की निंदाई कार्य में जुटे ग्रामीण किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीण किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान फसल की निंदाई कार्य में जुटे हुए है, ताकि ग्रीष्मकालीन धान फसल जल्द तैयार हो सकें। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार धान फसल को अच्छे पैदावार करने के लिए खेतों में उग आए खरपतवार की निंदाई व साफ सफाई करने जुट चुके हैं ताकि ग्रीष्मकालीन धान फसल की अच्छी पैदावार हो सकें। ग्रामीण क्षेत्र के किसान ग्राम जेवड़न खुर्द, सांरगपुर, डबराभाट के कृषक ग्रीष्मकालीन धान फसल की खेती-किसानी कार्य में जुटे हुए है।

### होली मिलन में द्विवेदी सम्मानित

राजनांदगांव। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह गत रविवार को ढोल-मंजीरे की थाप पर बैसवारी फाग गायन के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय सामाजिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव, बांधाबाजार एवं अंबागढ़ चौकी से आए विप्रजनों ने परंपरागत फाग गायन में सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को संगीतमय बनाया। तत्पश्चात डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में पुरस्कृत होने पर शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर समाज के पं. विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर करतल ध्वनि से उन्हें बधाई दी गई।

## निधन

### संतराम साहू

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम



कुआंमालगी निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक संतराम साहू का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. संतराम साहू का अंतिम संस्कार ग्राम स्थित मुक्ति धाम में किया गया, इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं स्व. संतराम साहू के निधन से साहू परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

## कार्यक्रम: मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मिला गरीब कन्याओं को लाभ

# जुनवानी में रचाया गया 40 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्राम पंचायत जुनवानी में बुधवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर जिले के कवर्धा विकासखंड से आए कुल 40 जोड़ों ने सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। वहीं बाल विकास परियोजना कवर्धा से 25, दशरंगपुर से 15 जोड़े इस समारोह में परिणय सूत्र में बंधे। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जोड़े विवाह के लिए 50 हजार रुपए व्यय किया जाता है। जिसमें 35 हजार रुपए की प्रोत्साहन स्वरूप उनके बैंक खातों में प्रदान की गई। इसके अलावा विवाह आयोजन की भव्यता बनाए रखने के लिए प्रत्येक जोड़े को 7 हजार रुपए श्रृंगार सामग्री और 8 हजार रुपए विवाह आयोजन व्यय किया जाता है। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा विड़ियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह शासन की अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से नव-विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि बेटियों का सम्मान और उनका सुरक्षित भविष्य ही समाज की उन्नति का आधार है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सरकार की इस सोच को दर्शाती है कि हर बेटी का विवाह पूरे सम्मान और गरिमा के साथ हो छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि बेटियों को सुरक्षित और सुखद भविष्य देना है। वहीं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह को सुनिश्चित कर रही है। इस योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने 15 वर्ष पूर्व की थी और वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में यह और सशक्त रूप में आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हर नव-विवाहित जोड़े को 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है ताकि वे अपने नए जीवन की बेहतर शुरुआत कर सकें। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की 70 लाख माताओं और बहनों को हर महीने 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है। महिला स्व.सहायता समूहों को 2.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।



## डड़सेना कलार समाज ने किया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

डड़सेना कलार समाज कबीरधाम द्वारा नगर के राजमहल कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज ने जिलेभर से 102 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

डड़सेना कलार समाज युवा जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में निरंतर समाजहित में कार्य कर रहा है। समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान, शिक्षक सम्मान, डड़सेना गौरव सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनहितैषी कार्य किए जा रहे हैं। कोरोना काल में समाज द्वारा जिला प्रशासन को एक लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान करना भी उल्लेखनीय पहल रही। समाज की यह सक्रियता नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। सम्मानित किए गए जनप्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य रूपेन्द्र सिंहा, थानेश्वर जायसवाल, सरपंच मोहित जायसवाल, श्रीमती ममता युवराज जायसवाल, शिवकार जायसवाल, श्रीमती अर्चना जायसवाल, श्रीमती प्रतिभा रूपेश जायसवाल उपस्थित थें साथ ही साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, नगर पालिका पार्षद दीपक जायसवाल, नगर पंचायत प्रतिनिधि दिवाकर डड़सेना, हिमचंद सिंहा, सनत झम्मन, नारायण सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष खेलूराम, अवधराम, आत्माराम, महामंत्री उमराव डड़सेना, सचिव श्रवण सिंहा, कोषाध्यक्ष रोहित जायसवाल, कवर्धा परिक्षेत्र अध्यक्ष बद्री जायसवाल, संरक्षक रमेश जायसवाल, धनीराम, पूनाराम, अमृत, प्रेमलाल, महेंद्र, भरत, दिनेश, शिव सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थें। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने समाज की एक-जुटता एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि समाज एवं क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

## राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित हुए जनसेवक जिलाध्यक्ष हरीश साहू

- मुख्य अतिथियों ने राज्य स्तरीय शील्ड देखकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




भिलाई के बजरंग भक्त रक्तदान सेवा समिति अपने छटवें स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमे कवर्धा जिले से नई चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति जिलाध्यक्ष हरीश साहू और उनके समिति को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया था। जिसमें भिलाई कैम्प 1 बीएसपी स्कूल मे कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों से समाजसेवी संस्था को शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जिसमे नई चमक रक्तदान एवं जन कल्याण समिति अध्यक्ष हरीश साहू एवं समिति सचिव कुंजबिहारी साहू को इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने राज्य स्तरीय शील्ड देखकर सम्मानित किया।

मिली जानकारी के अनुसार हरीश साहू और उनकी टीम लगातार 8 वर्षो से रक्तदान, गौ-सेवा व समाज सेवा मे बहुत ही सक्रिय तथा पूरे जिले मे समाज सेवक के नाम से प्रसिद्धि हासिल की है। श्री साहू और उसकी टीम 2017 से कवर्धा मे गरीब बेसहारा लोगो की मदद करते आ रहे है वहीं सिकलसेल, थैलीसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चो को गोद लेकर उन्हें निरंतर ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है, उसी प्रकार जितने भी गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज जो एनीमिया मरीज होते है, जिनको ब्लड की कमी होती है। समिति द्वारा उन्हें उनके परिवार बनकर रक्तदान करते है और ब्लड उपलब्ध कराते है।


रक्तदान एक महादान होता है ये बात लोगो व युवाओं तक पहुंचाने का पहल जिलाध्यक्ष हरीश साहू और उनकी समिति द्वारा निरंतर किया जा रहा है। वहीं लोगो मे रक्तदान के प्रति जागरूकता और रक्तदान के महत्व को पूरे कवर्धा जिले के युवा समझ पा रहे, अब जिले के युवा स्वयं आगे आकर रक्तदान कर रहे है। वनांचल क्षेत्र के युवा भी इस रक्तदान-महादान के मुहिम मे जुड़कर रक्तदान कर दूसरो को भी जागरूक कर रहे है। साथ-साथ मंत्री गौ-सेवक होने के नाते मंत्री गौ-सेवक का भी जिलाध्यक्ष का पद मिला हरीश साहू ने गौवंश की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे कवर्धा मे गौवंश है उन्हें रेडियम का बेल्ट पहनाकर वाहन से होने वाली दुर्घटना को रोकने का प्रयास किया गया, साथ ही साथ गौ हिंसा को रोकने के लिए जिले मे पशुपालन विभाग की योजना तहत सभी गौवंश और अन्य जीव को टैग लगाया गया ताकि उनकी गड़ना हो और उन्हें सुरक्षित रख सके साथ ही साथ समिति के द्वारा विशेष पहल करते हुए गौमाता व अन्य जीव के लिए पानी दान कोटना की व्यवस्था किया गया जिससे गर्मी मे पानी पीने के सुविधा मिल सके।

### महाविद्यालय के छात्रों से सरकार के बजट पर चर्चा

जालबांधा। विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गत दिनों राज्का बजट प्रस्तुत किया। बजट को लेकर नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट प्रावधान किया है। सबसे ज्यादा शिक्षा के लिए 22 हजार करोड़ की घोषणा राज्य सरकार ने की है। सरकार के बजट की थीम गति के बारे में उन्होंने जानकारी दी।

## नवरात्रि पर्व 30 से, प्रशासन अलर्ट

### अप्रिय घटना रोकने किए जा रहे प्रबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में आगामी 30 मार्च को शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान देवी दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को सुलभ दर्षन और सुरक्षा मुहैया कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दिया है। रेल्वे स्टेषन से पार्किंग, उपर मंदिर पहाडी से लेकर नीचे बेरीकेट तक, नीचे मंदिर से मेला प्रांगण तक तमाम सुविधा पहले दिन तक पुर्ण करने की तैयारी चल रही है।

पूर्व वर्ष नवरात्रि के दौरान उपर मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के पास भगदड़ मचने और सोशल मिडिया में गलत खबर के बाद बने दहशत का माहौल बन गया था। पूर्व वर्ष की घटना को देखते हुए महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए रेल्वे स्टेषन से पार्किग स्थल के पहले ही कंट्रोल करने की सुविधा रहेगी। छीरपानी सेड से आने वाले दर्शनार्थियों की भीड को दो हिस्सों में बांट कर सुरक्षित ढंग से सीढियों में चढ़ने का विशेष प्रबंध किया जा रहा है। नीचे शेड से भीड को मददे नजर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। रेल्वे जीआरपी, आरपीएफ एवं रेल्वे प्रषासन के सहयोग के साथ जिला पुलिस बज, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, विघुत मंडल की इस आयोजन में महत्वपूर्ण भुमिका रहेगी।

### दस एक्सप्रेस ट्रेनें रूकेंगी

रेल्वे ने मेला के दौरान अस्थाई रूप से रूकने वाली ट्रेन को सूची जारी कर दी है। इस दौरान 10 एक्सप्रेस, सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन रूकेगी। स्टेशन परिसर में अतिरिक्त सूविधा रहेगी। कुछ लोकल ट्रेन भी विशेष रूप से चलाने की तैयारी रेल्वे प्रशासन ने की है। कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। ट्रेनों के परिचालन के साथ काऊंटर खिड़की, टीवी स्क्रीन एवं उदघोषणा निरंतर की जाएगी। स्टेशन मास्टर गुरूचरण सेट्टी के अनुसार टिकट कांउटर के पास वेटिंग हाल को दर्षनार्थियों के लिए खुला रखा जाएगा। मंदिर जाने वाले मार्ग पर नए बुकिंग आफिस में बैठक व्यवस्था नही है। पेयजल की व्यवस्था नहीं है। बैठक एवं पानी की व्यवस्था पुराने टिकट कांउटर में है। नए में भी इस व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही है।

### अवकाश के दिनों में भी होगी राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को ध्यान में रखते कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकित कर का भुगतान किया। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मार्च माह में कर दाताओं की सुविधा के लिए निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते निगम कार्यालय अवकाश के दिनों एवं शनिवार व रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा। कलेक्टर अग्रवाल एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने कर दाताओं से अपील करते कहा कि वह अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान किया है। आप भी अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने। आपके राजस्व करों के भुगतान की राशि से निगम कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है। उन्होंने शासकीय विभागों से भी अपने-अपने विभाग के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान कर वित्तीय भार कम करने की अपेक्षा की।

## पंचायत सचिवों को मिला कर्मचारियों का समर्थन



- सचिवों से किया वादा निभाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के महासचिव योगेश चौरे, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे नेतृत्व में भीषण ठाकुर, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हीरालाल मोर्य, चंद्रशेखर विजयवार, गुलमोहन वर्मा, फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन, पुष्पांजलि चंद्राकर, मीनाक्षी हेमने ने गत दिनों धरना स्थल पंहुचकर पंचायत सचिव संघ को अपना समर्थन दिया।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने कहा कि पंचायत सचिव पंचायतीराज व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। भाजपा ने जनघोषणा पत्र में पंचायत सचिवों का 100 दिन में शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन अब भाजपा सरकार वादाखिलाफ़ी करने उतारू है जिससे पंचायत सचिव हड़ताल करने को विवश है।

### पंचायतों का काम ठप

सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से सभी शासकीय कार्य और योजनाएं ठप है। ब्लॉक मुख्यालय में गत 17 मार्च से प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर सभी 100 ग्राम पंचायतों के सचिव हड़ताल पर हैं। महासचिव योगेश चौरे ने पंचायत सचिव संघ की मांग को जायज बताते हुए जल्द शासकीयकरण करने का आदेश जारी करने की मांग की है। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन, प्रवक्ता पुष्पांजलि चंद्राकर एवं सचिव मीनाक्षी हेमने ने चुनावी संकल्पपत्र के अनुसार वादा निभाने का आग्रह सरकार से किया। इस मौके पर पुरुषोत्तम रामटेके, विजय, मनहरण हंसे, उत्तमचंद सोनी, प्रीति लाटिया उपस्थित थे।

## पेयजल और सफाई पर जोर, सुन रहे नागरिकों की समस्याएं

# अब एक्टिव हुई शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

निकाय चुनाव में जीत और पदभार ग्रहण करने के बाद जनता की उम्मीदों को पूरा करने की दिशा में जनप्रतिनिधियों ने पहल करना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में गंभीर पेयजल संकट की संभावना को देखते हुए जनप्रतिनिधि इन दिनों समाधानकी दिशा में जुटे हैं ताकि लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। नगर पंचायत में पहली बार भाजपा ने कब्जा होने के बाद अध्यक्ष अजय पटेल काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या से निपटने वार्ड में भ्रमण कर रहे हैं। वार्डवासियों की समास्याओं से रुबरु होकर समाधान करने के प्रयास में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ शहर का जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है जिसके चलते वार्डों में पेयजल समस्या गहराने लगी है। जल संकट सामने आने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल लगातार वार्ड भ्रमण कर पेयजल एवं नाली सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लगातार जनसंपर्क करने से नगरवासियों में मूलभूत सुविधा मिलने की उम्मीद जागृत हुई है।



### अलसुबह वार्ड भ्रमण

अध्यक्ष श्री पटेल समस्याओं से रूबरू होने सुबह भ्रमण पर निकल पड़ते हैं। वार्डवासियों की बातों और समस्याओं गंभीरता सुनकर निराकरण भी कर रहे है। प्रत्येक वार्ड के बोरिंग को दुरुस्त किया जा रहा है , ताकि लोगों को पेयजल मिल सके। पेयजल समस्या से निपटने नगर पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल और उपाध्यक्ष भूषण नेताम जुटे है। उन्होंने पानी का मितव्यता से उपयोग करने और दुरुपयोग रोकने का आग्रह किया है।

### सरकारी हास्पिटल में स्पेशलिस्ट की मांग

**गंडई पंडरिया।** निकाय चुनाव के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बार बार इस बात का जिक्र किया था कि नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित और बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता



होगी। अपने भाषण को सार्थक करने अध्यक्ष ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद काम करना शुरू कर दिया है। नगर विकास के लिए वह लगातार कोशिश कर रहे है इसी क्रम में उन्होंने नगर के शासय कार्यालयों से पत्राचार करते हुए कार्यालयीन स्टाफ की ऐसे पदों की जानकारी की मांगा जो स्वीकृत तो है किन्तु स्टाफ नही है। या पोस्टिंग होने के बाद अन्यत्र सेवा दे रहे है। उन्होंने शासकीय हास्पिटल में विभिन्न स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की मांग को लेकर उच्च कार्यालय से पत्राचार किया है ताकि नगरवासियों को बेहतर लाभ मिल सके। श्री खुशरों ने बताया कि नगर के सभी शासय कार्यालयों की वस्तुस्थिति से अवगत होने पत्राचार कर रहे हैं ताकि ताकि सम्बंधित विभागों में आवेदन या अन्य माध्यमो से संपर्क कर स्टाफ की पूर्ति किया जाए।

## खबर संक्षेप

### मरहाटोला की छात्रा रुचि साहू का नवोदय में चयन



**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला महराटोला से रूचि साहू पिता खुमलाल साहू का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 वीं के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। छात्रा रूचि की इस उपलब्धि पर प्रधान पाठक श्रीमती प्रभा धुर्वे एवं शिक्षक श्रीमती पार्वती साहू के द्वारा छात्रा एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती रीना सोनवानी और संकुल समन्वयक भागवत कौशिक ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चे की उज्वल भविष्य की कामनाकी है।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित




**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की संभागीय स्तरीय बैठक गत दिनो बिलासपुर में आयोजित की गई। जिसमें होली मिलन समारोह एवं संगठनात्मक चर्चा की गई। बैठक में संभाग के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं संभाग स्तरीय संभाग अध्यक्ष नियुक्त करने हेतु सर्वसम्मति से राय व्यक्त की गई। संगठन में समस्त संवर्गों को जोड़ने हेतु दिलीप चंद्रवंशी द्वारा विचार व्यक्त किया गया। जिस पर सभी लोग सहमत हुए। इसी प्रकार तहसील से लेकर जिला, ब्लाक तक संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु सदस्य बनाने हेतु संकल्प पारित किया गया। इस बैठक में कबीरधाम जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार चंद्रवंशी छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ भी शामिल हुए।

### शिक्षकों ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

**कवर्धा।** वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनकी लेखन क्षमता को निखारने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला केशलीगोड़ान में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक सभी 137 विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण लेखनी का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक ने विद्यार्थियों से कहा कि परिश्रम, अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव मुक्त रहते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दिलाने की बात कही। शिक्षिका ने कहा कि लेखनी विद्यार्थियों के विचारों को स्पष्ट और सुंदर ढंग से प्रस्तुत करने में सहायक होती है।

### निधन

#### शिवकुमारी शुक्ला



**कवर्धा।** विकासखण्ड स लोहारा के ग्राम बिरनपुर कला निवासी स्वर्गीय गुलाब शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी शुक्ला का स्वर्गवास दिनांक 26 मार्च को शाम 04:50 बजे हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 27 मार्च को सुबह 09:00 बजे लोहारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

**कार्रवाई:** वन विभाग रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ा

# रेंगाखार जंगल क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है रेत अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेंगाखार जंगल

कबीरधाम जिले के वन परिक्षेत्र रेंगाखार जंगल क्षेत्र के स्थानीय नदी नालों से वृहद पैमाने में अवैध रेत का खनन किया जा रहा है। जिसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद नींद से जागे वन विभाग ने अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए करीब आधा दर्जन रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली जप्त की है। वन विभाग ने इन अवैध रेत खनन करने वालों के खिलाफ क्या कार्यवाही की है वे इसकी जानकारी देने में कतरा रहे हैं। ऐसे में लग यही रहा है कि यह सिर्फ खानापूर्ति कार्यवाही है। गौरतलब है कि जिले के रेंगाखार जंगल परिक्षेत्र से लेकर आसपास के वनांचल में लम्बे समय से अवैध रेत खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। रेत तस्कर बड़े ही बेखौफ ढंग से यहां प्रतिदिन सैकड़ो ट्रेक्टर ट्राली रेत पार कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो यहां के स्थानीय नदी नालों से निकाली गई रेत खैरागढ़, मध्य प्रदेश के मलाजखंड दमोह क्षेत्र तक जा रही है वही रेंगाखार से दूर साल्हेवारा, लोहारा, चिल्फी क्षेत्र में इस रेत को धड़ल्ले से बेंचा जा रहा है। जिसकी शिकायतें क्षेत्र के जागरूक वन प्रेमियों द्वारा लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में वन विभाग की टीम ने अब कुछ लोगों को रेत का अवैध परिवहन करते दबोचा है।

### अब ग्रीष्म ऋतु के शुरूआती दिनो में ही सूख जाते हैं नदी-नाले



अंचल में लगातार हो रहे अवैध रेत खनन के चलते स्थानीय नदी नालों को भारी नुकसान हो रहा है। बताया जाता है कि कुछ वर्षो पूर्व तक इन नदियों में ग्रीष्म ऋतु के दौरान भी अच्छा जल भराव देखने को मिलता था। जिसके कारण रेत खनन करना काफी मुस्किल था लेकिन लगातार हो रहे पर्यावरण के नुकसान के कारण अब ग्रीष्म ऋतु के शुरूआती दिनो में ही लगभग सारी नदियां खाली होने लगी है जिसके कारण को रेत का खनन करने में कोई परेशानी नहीं होती है और वन विभाग की भी एक प्रकार से खुली झूट मिल जाती है।

### 16 बीट के परिक्षेत्र में मात्र 6 बीट गार्ड और दो सर्किल अधिकारी

यहां बताना लाजिमी होगा कि वन परिक्षेत्र रेंगाखार में लगातार एक साल में चार परिक्षेत्र अधिकारी बदल चुके हैं, वर्तमान में 6 बीट गार्ड, दो सर्किल अधिकारी और एक अंडर ट्रेनिंग (आईएफएसस) अधिकारी यहां पर परिक्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्यरत है। जानकारी के मुताबिक 1 साल में यहां से कई कर्मचारी अधिकारी के ट्रांसफर हो चुके हैं, जिनका मूल कारण अवैध रेत खनन को ही माना जाता है। वर्तमान में इस परिक्षेत्र में कोई भी अधिकारी कर्मचारी आना ही नहीं चाहता। जबकि इस परिक्षेत्र में 16 बीट है, जहां पर 16 बीट गार्ड की आवश्यकता है, चार सर्कल हैं जहां पर चार सर्किल अधिकारी की आवश्यकता है परंतु वर्तमान में 6 बीड गार्ड और दो सर्किल अधिकारी हैं। ऐसे में कैसे संभव है कि मात्र 6 बीट गार्ड 16 बीट को देख पाएंगे। माना जा रहा है कि यही वजह है कि यहां न तो जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम हो पा रही है और न ही अवैध रेत खनन पर लगाम लग पा रही है और न ही अवैध वन कटाई पर कोई कार्यवाही हो पा रही है।

---

# पांडातराई में हिंदू नव वर्ष की तैयारी जोरों पर



■ हिन्दू नववर्ष पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष उत्सव समिति पांडातराई के द्वारा 30 मार्च 2025 को हिंदू नववर्ष के स्वागत की तैयारी में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत हिन्दू नववर्ष के मौके पर 30 मार्च को सुबह 7:30 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी जो की गुप्ता धर्मशाला से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, महामाया चौक, सतनामी मोहल्ला, साहू पारा, कुम्हार मोहल्ला, दैहान पारा, बाजार पारा, शिवालय मंदिर चौक, चांदनी चौक, गुप्ता मोहल्ला, साहेब पारा, संतोषी मंदिर चौक, डिलवापारा होते हुए, नयापारा, चारभाटा, दशरंगपुर, उसके बाद पुनः महामाया चौक में समाप्त होगी। तत्पश्चात दोपहर 3:30 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है जो की अष्टभुजी दुर्गा मंदिर से प्रारम्भ होकर बाजार पारा, सोनी पारा, गुप्ता धर्मशाला, बस स्टैंड होते हुए महामाया चौक में समाप्त होगी। जिसमें धुमाल, पावर जोन, राउत नाचा, डंडा नाच, पंथी नाच, भैगा नाच, राम दरबार, भारत माता इत्यादि और विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल होगी। शोभा यात्रा के पश्चात महामाया चौक मे मां भारती की महाआरती का भी आयोजन किया गया है। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम और भव्य आतिशबाजी के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। इस समस्त कार्यक्रम मे नगरवासी व आसपास के समस्त क्षेत्रवासियों को शामिल होने के लिए आव्हान किया गया है।

---

# दुकान किराया व जलकर राशि नहीं पटाने वाले के खिलाफ हुई कार्रवाई

## 1 दुकान सील व 2 नल कनेक्शन काटा गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शत प्रतिशत वसूली को लेकर नगर पालिका की वसूली टीम ने आज एक दुकान सील कर वार्ड के दो नल कनेक्शन को विच्छेद किया गया।

जलकर व दुकान किराया नही पटाने वाले के खिलाफ नगर पालिका कसावट कर रही है नगर पालिका क्षेत्र के समस्त करो की वसूली के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों का टीम बनाकर वसूली किये जाने का आदेश किया है।

बकाया दुकानदारों द्वारा लंबे समय से किराया राशि, प्रीमियम राशि जमा नही किया गया है जिसकी वसूली के लिए सीएमओ ने नगर पालिका कर्मचारियों की बैठक लेकर शत-प्रतिशत वसूली किये जाने का फरमान जारी किया गया है। पालिका टीम एक्शन मोड में कार्य करते हुए आज मुख्यमंत्री स्वालंबन योजनांतर्गत दुकान क्रमांक 09 खलील खान पिता जाकीर खान का दुकान सील किया गया तथा वार्ड क्रमांक 19 में श्रीमती सुलोचना मिश्रा/लक्ष्मी कांत एवं नवीन मिश्रा/लक्ष्मीकांत द्वारा लंबे समय से जलकर राशि जमा नही किये जाने के कारण नल कनेक्शन काटा गया।

### टैक्स जमाकर कार्रवाई बचने अपील



मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि जिन दुकानदारों द्वारा बकाया राशि जमा नही किया जा रहा है उनका दुकान भी सीलिंग करने एवं जलकर राशि नही पटाने वाले हितग्राहियों का नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही जारी रहेगा। सीलिंग कार्यवाही किये जाने से पूर्व बकाया राशि जमा किये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा लगातार मुनादी के माध्यम एवं कर्मचारियों द्वारा घर घर जाकर निवेदन किया गया है उसके बाद भी राशि जमा नही किये जा रहा है। दुकानदारों को प्रीमियम, बकाया राशि जमा किये जाने हेतु अनेकोबार पत्राचार किया गया है उसके बाद भी राशि जमा नही किया जा रहा है जिसके चलते दुकान सील व नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है।

---

# बोड़ला नपं में सूचना का अधिकार अधिनियम की उड़ाई जा रही धज्जियां, नहीं मिल रही मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

सूचना का अधिकार अधिनियम नागरिकों को सरकारी जानकारी तक पहुंचने का अधिकार देता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है और भ्रष्टाचार कम होता। नागरिकों को सशक्त बनाना और सरकार के कामकाज में पारदर्शिता लाना सूचना अधिकार अधिनियम का उदेश्य है। मगर ठीक इसके विपरीत नगर पंचायत बोड़ला मे जन सूचना अधिकारी के द्वारा इस अधिनियम की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिसका खामियाजा सरकारी खजाने को ही भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि जानकारी देने के एवज मे 2 रुपए प्रति पृष्ठ का शुल्क तय किया गया है परन्तु 30 दिन के भीतर यदि जवाब नही दिया गया तो आवेदक को निः शुल्क जानकारी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। ऐसे मे विभाग को राजस्व नुकसान होता है जो की जनसूचना अधिकारी की लापरवाही को दर्शाता है। नगर पंचायत मे पिछले कार्यकाल में जमकर खरीदी का खेल चला है, कुछ खरीदी तो ऐसी हुई है जो नजर ही नहीं आती ऐसे मे जानकारी प्राप्त करने सूचना का अधिकार के तहत आवेदन दिया गया है। परन्तु जनसूचना अधिकारी के रवैये ने पूरे विभाग और सूचना अधिकार अधिनियम की अवहेलना करते आ रहे हैं। विभाग द्वारा आवेदकों को जन सूचना अधिकार कानून के तहत मांगी गई जानकारी देने में टाल मटोल किया जा रहा है।




---

# कक्षा पांचवी व आठवीं की बोर्ड परीक्षा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शासकीय पूर्व माध्यमिक व शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर के कक्षा पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें स्कूली छात्राओं द्वारा आत्मविश्वास तथा शांतिपूर्ण से परीक्षा दिला रहें है। वहीं कक्षा पांचवी व आठवी के बोर्ड परीक्षा संचालित की जा रही है, जिसमें परीक्षा केंद्र पर कड़ी निगरानी के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए गए हैं, केंद्र अध्यक्ष अनिता ठाकुर, मुरली प्रसाद झारिया ने परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभाली हुई है। साथ ही साथ विपिन शर्मा, रुद्राणी राजपूत व संध्या बंजारे तथा प्राथमिक स्कूल प्रधान पाठक फागूराम डिंडोरे, शिक्षक मुकेश ठाकुर, नारायण धृतलहरे, रजनी कोसरिया सहित शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित थें। वहीं परीक्षार्थी द्वारा समर्पण, आत्मविश्वास व शांति पूर्ण के साथ ही साथ विद्यालय परिषर में शासन प्रशासन द्वारा परीक्षार्थी की सुविधा के लिए पेयजल और स्वच्छता की पर्याप्त व्यवस्था की गई।



---

### विधायक का किया गया स्वागत



**पंडरिया।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक चुना गया गया है, जिसके पश्चात पंडरिया विधायक भावना बोहरा का गत दिनो प्रथम नगर आगमन हुआ। सम्मान मिलने के बाद प्रथम नगर आगमन पर नगर के गांधी चौक में भाजपा मंडल एवं आमजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मंजुला कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी सहित सभी पार्षदगण एवं मंडल अध्यक्ष रविश सिंह, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा और वरिष्ठ नेता गण उपस्थित थे। जिसके पश्चात ग्राम मैनपुरा मे भी पदाधिकारी एवं आमजनों के द्वारा भव्य स्वागत आतिशबाजी, बाजेगाजे के साथ स्वागत किया गया। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं अपितु यह सम्मान पुरे पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों का है। जिनके स्नेह एवं प्यार और सहयोग से मैं विधान सभा तक पहुंची हूं। क्षेत्रवासियों के बदौलत मुझे उस स्थान पर खड़ा होने का अवसर मिला और हर एक विषय को विधानसभा के पटल पर रखने का कोशिश किया। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा यह प्रयास रहेगा कि मै पंडरिया क्षेत्र के लिये क्या अच्छा कर सकूं जिसका लाभ पंडरिया की जनता को मिल सके। इस दौरान चंद्रकुमार सोनी, नवल पांडेय, कल्याण सिंह ठाकुर, पूरन सिंह, अमन पाठक, नरोत्तम साहू, संदीप केशरवानी सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

**शादी विवाह में उपयोगी झांपी टोकनी, पर्रा, सूपा, मऊर, पगड़ी-हार, कलगी आदि की सजी दुकानें**

# होली के बाद अब बाजार में शादी की रौनक, लोग जमकर कर रहे खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

होली त्यौहार मना लेने के बाद अब बाजार में शादी के सामानों की पूछ परख शुरू हो गई है। वैसे तो देव उठनी एकादशी के बाद से ही शादी का सिलसिला शुरू हो गया है।

मगर छत्तीसगढ़ एवं पारंपरिक विवाह का सिलसिला अब शुरू हो रहा है। जिन्हें देखते हुए नगर में शादी व्याह के उपयोगी समानों की खरीदी जमकर की जा रही है। अंचल के साप्ताहिक बाजारों में शादियों में उपयोग में आने वाले झांपी टोकनी, पर्रा, सूपा, मऊर, पगड़ी-हार, कलगी-दुकानों में सजा ली गई है। 30-40 वर्षो से इस व्यवसाय से जुड़े नगर के व्यापारियों ने बताया कि, होली जलने के बाद से शादी का सीजन शुरू हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, पारंपरिक वस्तुओं का यह बाजार ग्रामीण खरीददारों पर ही टिका है। आधुनिकता के चलते इन चीजों की पूछपरख कम हो गई है। लेकिन यह परंपरा ग्रामीण एवं सुदूर वनांचल क्षेत्रों में आज भी जीवित है। शादी में उपयोग आने वाले इन सामानों को गोंड, राऊत, साहू, मरार, कलार जाति के लोगों द्वारा बहुतायत खरीदा जाता है, नगर के लोग आधुनिकता के चलते सिर्फ नैग पूरा करने के लिए खरीदी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, इन सामानों को हम यहीं खरीदकर बेंच देते हैं।



गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष विवाह उपयोगी सामानो की कीमत बढ़ गई है। राम नवमी के आसपास इनकी कीमत और अधिक बढ़ने की संभावना है। छत्तीसगढ़िया शादी में उपयोग आने वाले नहडोरी, कलशा, कलौरी की मांग सामान्यतः अप्रैल से जून के बीच अधिक होती है।

माना जा रहा है कि रामनवमी में लगन होने के कारण बड़ी संख्या में शादी होने की संभावना है।

---

# सब्जी बाजार में सबसे महंगी बोहार भाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ धान के लिए तो प्रसिद्ध है ही उसके बाद नम्बर आता है यहां की हरी भाजियों का। जैसे बच्चों को गर्मियों की छुट्टी का इंतजार होता है, बोहार फूल के चाहने वालो का साल भर कुछ वैसा ही हाल रहता है। हरे गुच्छेदार फूल, कोई ज्यादा खुशबू नही क्योंकि जो अंदर से परिपूर्ण होता है वह बाहरी आकर्षण का ढोंग नही करता, कुछ ऐसी परिपूर्णता से भरा होता है बोहार का फूल। बोहार का फूल जिस वृक्ष पर होता है उसकी कायाकल्प आप पलाश के पेड़ जैसा मान सकते है वैसा ही मजबूत तना, बड़ी बड़ी पत्तियां और बहुत सारा फूल, बस इसका रंग पलाश के जैसा नही होता और ना ही स्वभाव। फरवरी का अंत और मार्च की शुरुआत इन्ही दिनों में बोहार पेड़ पर फूल लगने शुरू होते हैं और फिर होता है बोहार फूल को चाहने वालों के इंतजार का अंत। प्रदेश में बोहार के फूलों की सब्जी बनाई जाती है, बोहार फूल, दही या मही और साथ में चना इन सभी का जब मेल होता है तो उसका स्वाद अच्छे अच्छे को मात दे-दे। बोहार फूल को बोहार भाजी भी कहा जाता है, छत्तीसगढ़ में शायद सबसे अधिक हरी भाजी होती है और बोहार भाजी उनमे सबसे महंगी है। पर महंगी मतलब ये नही की बिना बात महंगी है बोहार भाजी में सबसे अधिक न्यूट्रिशन प्रॉपर्टी भी होती है। बोहार का फूल वास्तव में ना तो भाजी है ना फूल यह फूल की कली होती है जिसकी सब्जी बनाई जाती है। अगर समय पर वह कली नही तोड़ी गई तो वह छोटे-छोटे सफेद फूलो में बदल जाता है और उसके बाद एक आंवले जैसी आकृति का फल जिसका आचार डाला जाता है जिसे लासोड़ा भी कहते हैं। केवल 15 से 20 दिन ही आपको यह मिल सकता है वो भी आपकी अच्छी किस्मत हो तब। अंचल के बाजारों में इन दिनो बोहार भाजी पहुंचने लगी है लेकिन इसकी कीमत करीब दो सौ रूपए प्रति किलो है। जो बोहार भाजी के शौकीनो द्वारा खूब खरीदी भी जा रही है।

